रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। शनिवार 09 अगस्त-2025 | ● वर्ष: 10 अंक: 231 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य: ₹3









## प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक हुई, 5 बड़े फैसले लिए गए

# राखी पर उज्जवला और एलपीजी उपभोक्ताओं को दिया बड़ा तोहफा

**नई दिल्ली।** रक्षाबंधन पर मोदी सरकार ने आम जनता को राहत दी है। शुक्रवार को मोदी कैबिनेट की बैठक हुई। इस बैठक में पांच बड़े फैसले लिए गए। सरकार ने उज्जवला योजना के लिए 12060 करोड़ के अतिरिक्त बजट के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसके अलावा असम और त्रिपुरा के लिए विशेष विकास पैकेज को भी मंजूरी दी है।

### 30 हजार करोड़ रुपए के मुआवजा देने को दी मंजूरी

कैबिनेट ने बैठक में घरेलू एलपीजी की बिक्री पर हुए घाटे के लिए तीन सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल को 30,000 करोड़ रुपए का मुआवजे देने को मंजूरी दे दी। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा ओएमसी के भीतर मुआवजे का 12 किस्तों में भुगतान किया जाएगा।

अश्विनी वैष्णव ने दी जानकारी कैबिनेट द्वारा लिए गए पांच बड़े फैसलों की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 2014 से पहले, उत्तर-पूर्व में बहुत सारे विवाद, आंदोलन हुआ करते थे। पीएम मोदी के नेतृत्व में, पिछले 11 वर्षों में संवाद के माध्यम से विकसित समाधानों के माध्यम से 10,000 कैडर आत्मसमर्पण कर चुके हैं और मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं।



**असम और त्रिपुरा के लिए पैकेज को दी मंजूरी :** केंद्रीय मंत्री ने जानकारी देते हुए कहा कि कैबिनेट ने असम और त्रिपुरा के लिए विशेष विकास पैकेजों की मौजूदा केंद्रीय क्षेत्र योजना के तहत चार नए घटकों को मंजूरी दी, जिसका कुल परिव्यय 7,250 करोड़ रुपये है। इसमें से केंद्र सरकार का 4250 करोड़ रुपये और राज्य का 3 हजार करोड़ रुपए है।

**हाइवे की दो मंजूरी :** अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कैबिनेट ने तमिलनाडु में 4-लेन मरक्कनम-पुदुचेरी (46 किमी) के निर्माण को भी मंजूरी दी, जिसे 2,157 करोड़ रुपये से बनाया जाएगा।

**इन संस्थानों को मिलेगा लाभ :** कैबिनेट बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कैबिनेट ने 4200 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ बहु-विषयक शिक्षा और तकनीकी शिक्षा में अनुसंधान सुधार (मेरिटे) योजना के लिए बजटीय सहायता को मंजूरी दी। मेरिटे के तहत राज्य सरकार के संस्थानों को समर्थन दिया जाएगा। भारत भर के 175 इंजीनियरिंग संस्थानों और 100 पॉलिटेक्निक संस्थानों को इसके तहत लाभ मिलेगा।

**सब्सिडी को दी मंजूरी :** अश्विनी वैष्णव ने कहा यह सुनिश्चित करने के लिए कि मध्यम वर्ग के लिए एलपीजी गैस सस्ती हो, 30,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दी गई है। वर्तमान भू-राजनीति में, गैस की कीमतों में उतार-चढ़ाव होता है और इसका ध्यान रखने के लिए सब्सिडी दी जाती है।

**10.33 करोड़ दिए उज्जवला कनेक्शन :** अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना को समावेशी विकास के लिए विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त है।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का उद्देश्य जनता के जीवन में बदलाव लाना है। अब तक 10.33 करोड़ उज्ज्वला कनेक्शन दिए जा चुके हैं...कैबिनेट ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए पीएम उज्ज्वला लाभार्थियों के लिए 12,060 करोड़ रुपये की सहायता को मंजूरी दी है

# कविनगर के मैदान पर कौन चलाएगा भूमि पूजन का फावड़ा

## सारे मिलकर लगाएंगे हाथ या तय कर लेंगे चेहरा बैठकर एक साथ



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रामलीलाओं की बात करें तो गाजियाबाद में दो रामलीलाओं का जलवा है। एक रामलीला अपनी परंपराओं का, प्राचीनता का इतिहास लिये हुए है तो दूसरी रामलीला अपनी भव्यता के लिये जानी जाती है। इन दोनों रामलीलाओं की एक खूबी है कि इसके किरदार एक-दूसरे में शामिल हैं, जो कविनगर रामलीला कमेटी के मेंबर हैं उनमें से कई सुल्लामल रामलीला कमेटी के मेंबर हैं।

बड़ी बात ये है कि जब भूमि पूजन होगा तो इधर वाले उधर, और उधर वाले इधर दिखाई देंगे। सुल्लामल रामलीला कमेटी का भूमि पूजन हुआ तो कविनगर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ललित जायसवाल और कमेटी के महामंत्री भूपेंद्र चोपड़ा एकसाथ घंटाघर रामलीला मैदान में पहुंचे। अब 17 अगस्त को कविनगर की धार्मिक रामलीला कमेटी अपना भूमि पूजन कार्यक्रम करेगी।

इस बार सुल्लामल वालों ने चांदी के फावड़े का हल्ला कर दिया है। दो किलो चांदी से बना दो लाख रुपए का फावड़ा चर्चा में है। इस फावड़े को लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने चलाया। खास बात ये रही कि उन्होंने इसे पुष्पा स्टाइल में कंधे पर रख लिया। फावड़ा लेकर अतुल गर्ग चले और पीछे-पीछे रामलीला कमेटी के पदाधिकारी चले। अब 17 अगस्त को कविनगर की रामलीला कमेटी भूमि पूजन कर रही है और एक सवाल ये उठ रहा है कि क्या कविनगर वाले भी चांदी का फावड़ा लेकर आएंगे, क्या वो भी कोई मुख्य अतिथि लेकर आएंगे।

फिलहाल यहां इस विषय पर कोई नहीं बोल रहा है और पता ये चला है कि अभी चीफ गेस्ट को लेकर कुछ तय नहीं हुआ है और बताया ये जा रहा है कि पहले कमेटी वाले सब एकसाथ मिलकर चेहरा तय कर लेंगे और सुना तो ये भी है कि वो ये मान रहे हैं कि बेस्ट तो यही रहेगा कि कोई चीफ गेस्ट ही ना हो।

उनके अध्यक्ष, महामंत्री और बाकी पदाधिकारी एकसाथ मिलकर फावड़ा उठा लेंगे, उसे चला लेंगे, हवन में आहूतियां दी जाएगी और फिर भूमि पूजन की रस्म अदा होगी। सुल्लामल वाले तो सांसद अतुल गर्ग को चीफ गेस्ट बनाकर ले आए मगर, कविनगर वाले भूमि पूजन में कोई चीफ गेस्ट ला रहे हैं अभी इसको लेकर सीन सस्पेंस में है।

### 17 अगस्त को सुबह 11 बजे होगा भूमि पूजन



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कविनगर की श्री धार्मिक रामलीला समिति का भूमि पूजन कविनगर के रामलीला मैदान में होगा। समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल और महामंत्री भूपेंद्र चोपड़ा ने इसके निमंत्रण पत्र वितरित किये हैं। निवेदक में अध्यक्ष और महामंत्री के साथ समस्त पदाधिकारी कार्यकारिणी और सदस्यगण भी शामिल हैं। कविनगर रामलीला समिति का भूमि पूजन रविवार 17 अगस्त को सुबह 11 बजे होगा। कविनगर रामलीला समिति का भूमि पूजन भी अपनी भव्यता और मेहमाननवाजी क लिये जाना जाता है। यहां शहर के गणमान्य लोग पहुंचते हैं। सभी राजनीतिक दलों के लोग पहुंचते हैं और भूमि पूजन समारोह को एक भव्यता प्रदान करते हैं।

# शराब के नशे में नंदग्राम शुक्र बाजार में कार का कहर कई लोग जख्मी, हालत गंभीर

## बाजार में मौजूद भीड़ ने कार चालक को जमकर पीटा

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** शुक्रवार की रात नंदग्राम थानाक्षेत्र में मरियम अस्पताल के सामने लगने वाले शुक्र बाजार में एक कार चालक ने कई लोगों को रौंद दिया। इसमें दो बच्चे भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं ।अस्पताल में चार लोगों को भर्ती कराया गया है, जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। नंदग्राम थाना पुलिस का कहना है कि आरोपी वेगनर कार चालक शराब के नशे में था । पुलिस को जानकारी मिली है कि आरोपी चालक रेत मंडी के निकट शराब के ठेके पर शराब पीकर गाड़ी लेकर जा रहा था। भीड़ देखकर उसकी गाड़ी अनियंत्रित हो गई ,इस दौरान उसने कई लोगों पर गाड़ी चला दी, जिससे बाजार में चीख पुकार और अफरा-तफरी का माहौल मच गया।



### पुलिस ने कार चालक को लिया हिरासत में

करंट क्राइम नंदग्राम पुलिस का कहना है कि आरोपी चालक शराब के नशे मे था। मोके पर लोगों ने उसकी जमकर पिटाई की है। जिससे उसकी हालत भी गंभीर है। फिलहाल पुलिस ने कार और चालक को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। बताया जा रहा है हादसे की वजह कार का अधिक स्पीड में होना और चालक का नशे में होना पाया गया है।



### टक्कर लगते ही बाजार में मच गई चीख पुकार

करंट क्राइम : स्थानीय निवासियों और प्रत्यक्षदर्शी का कहना है कि जैसे ही कार चालक ने लोगों में टक्कर मारी बाजार में भगदड़ और चीख पुकार मच गई। कार की टक्कर से बाइक सवार नाले में गिर गया। तो कई अन्य लोग भी घायल हो गए। उनको भी चोट आई है ।स्थानीय पुलिस को जैसे ही सूचना मिली चौकी प्रभारी और पीआरवी मौके पर पहुंच गई थी और हालात कंट्रोल में बताई जा रही है।

# मिनट्स के सवाल पर पार्षदों को नगर आयुक्त ने जवाब दिया फाइन

## कहा, मेयर हैं आउट ऑफ स्टेशन और मिनट्स पर होने हैं उनके साइन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम में अब से पहले भी बैठक हुई हैं, अब से पहले भी नगर आयुक्त के फैसले को लेकर भी मोर्चा खुला है, लेकिन अपनी ही सरकार में भाजपा पार्षदों को इतना संघर्ष करते पूरा शहर पहली बार देख रहा है।

पार्षदों ने शुक्रवार को जब मिनट्स को लेकर नगर आयुक्त से मुलाकात की तो ये पता चला कि मिनट्स तो मेयर सुनीता दयाल के पास हैं और उस पर उन्हीं के हस्ताक्षर होने हैं। मिनट्स को लेकर घंटे बीते, दिन बीते और महीना बीतने की नौबत आ गई।

शुक्रवार को पार्षद नगर निगम पहुंचे और पार्षदों ने नगर आयुक्त से पूछा की क्या 30 जून को हुई बोर्ड बैठक के मिनट्स शासन को भेज दिये हैं। पार्षद हिमांशु शर्मा के इस सवाल पर नगर आयुक्त ने बताया कि अभी मेयर शहर से बाहर हैं, इस वजह से मिनट्स पर उनके हस्ताक्षर नहीं हुए हैं। महापौर के हस्ताक्षर के बाद ही शासन को मिनट्स भेजे जाएंगे। मिनट्स का मुद्दा नगर निगम का सबसे रहस्यमयी मुद्दा बन गया है। पार्षद मिनट्स मांग रहे हैं और जो मिनट्स घंटों में मिलने थे उन मिनट्स को प्राप्त करने में महीना बीत गया है।



अदालत से डेट पर डेट है और मिनट्स वाले सीन में लगातार लेट पर लेट है। पार्षदों ने शुक्रवार को फिर से मीटिंग के मिनट्स मांगे और इस बार कमाल ये हुआ कि मिनट्स वाली मांग की बॉल मेयर के पाले में आ गई। नगर आयुक्त ने स्पष्ट कर दिया कि उस पर मेयर के साइन होने हैं और मेयर शहर से बाहर हैं। अब मिनट्स बुक का मामला मेयर के पास है और जवाब से एक संदेश साफ है कि मिनट्स बुक मेयर के पास है और अब केवल उनके हस्ताक्षर होने हैं और उसी के बाद इस पूरे मामले से पर्दा हटेगा।

# गाजियाबाद के नगर आयुक्त रहे अब्दुल समद के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के पूर्व नगर आयुक्त रहे पूर्व आईएएस अधिकारी अब्दुल समद के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। अब्दुल समद को पूर्व मंत्री व सपा नेता मोहम्मद आजम खां का करीबी माना जाता है। यह मुकदमा विजिलेंस विभाग ने आगरा सेक्टर थाने में दर्ज किया है। 2022 में विजिलेंस विभाग ने भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच शुरू की थी। जांच में पाया गया कि गाजियाबाद के नगर आयुक्त रहते अब्दुल समद ने अपनी आय से सौ से ज्यादा प्रतिशत खर्च किया। इस संबंध में विजिलेंस विभाग की ओर से की गई पूछताछ में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए।

अब्दुल समद अब रिटायर हो चुके है। सपा सरकार के दौरान आजम खां के प्रभाव के कारण उन्हें गाजियाबाद नगर आयुक्त पद पर तैनात किया गया था। एसपी विजिलेंस आगरा सेक्टर आलोक शर्मा और इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार दुबे की जांच रिपोर्ट को शासन के पास भेजा गया था। शासन की अनुमति के बाद अब्दुल समद के खिलाफ आगरा के सेक्टर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। विजिलेंस विभाग जल्द ही पूछताछ के लिए अब्दुल समद को बुला सकता है। जांच के दौरान विजिलेंस विभाग को जानकारी मिली कि अब्दुल समद की आजमगढ, जौनपुर, लखनउ और मुरादाबाद में भी संपत्तियां है।

### अवकाश सूचना

रक्षाबंधन के पर्व पर दिनांक 9 अगस्त 2024 को दैनिक करंट क्राइम कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 11 अगस्त 2024 को प्रकाशित होगा।

# बच्ची की जिद पर सीएम योगी ने खाई मिठाई... राखी बंधवाकर दिया आशीर्वाद



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के काकोरी में आयोजित काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के समापन समारोह में पुस्तक का विमोचन किया और बालिकाओं से राखी बंधवा कर उन्हें उपहार दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को काकोरी पहुंचे। जहां उन्होंने काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव में भाग लिया और बच्चियों से राखी बंधवाई। इस दौरान एक बच्ची ने उनसे मिठाई खाने की जिद की जिस पर योगी मुस्कुराए और मिठाई खाकर बच्ची को आशीर्वाद दिया। सीएम योगी ने बच्चियों को गिफ्ट भी दिया। इसके पहले उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए लोगों से स्वदेशी चीजों का उपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भले ही महंगी ही मिलें लेकिन आने वाले त्योहारों में स्वदेशी चीजें ही खरीदें। मुख्यमंत्री योगी ने बच्ची की जिद पर मिठाई खा ली। इस दौरान सीएम योगी भी काफी खुश नजर आए।

मुख्यमंत्री योगी ने बच्चियों को उपहार भी दिया। इस दौरान उनके साथ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी मौजूद रहे। इसके पहले उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए लोगों से स्वदेशी चीजों का उपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भले ही महंगी ही मिलें लेकिन आने वाले त्योहारों में स्वदेशी चीजें ही खरीदें।

# बाराबंकी-हैदरगढ़ मार्ग पर बस पर गिरा पेड़ चार महिलाओं सहित पांच की मौत

## यूपी सरकार ने मुआवजे का किया ऐलान



**लखनऊ।** बाराबंकी जिले में हुए एक दर्दनाक हादसे में एक रोडवेज बस पर पेड़ गिर जाने से चार महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई। हादसे के समय बस में 40 यात्री सवार थे। बाराबंकी जिला मुख्यालय से नौ किलोमीटर दूर हैदरगढ़ मार्ग पर रोडवेज की अनुबंधित बस पर गूलर का पेड़ गिर गया। पेड़ बस के अगले हिस्से पर गिरा। हादसे में चार महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई। एक महिला की पहचान शहर के मोहल्ला गुलरिया गार्दा की निवासी शिक्षा मेहरोत्रा (53) के रूप में हुई है। तीन अन्य महिलाओं की आयु 40 से 45 साल के मध्य है। पेड़ काटकर लोगों को निकाला गया। बताया जा रहा है कि हादसे के समय बस में 40 लोग सवार थे। हादसे के बाद कई यात्री खिड़की से कूदकर निकले। बारिश के दौरान हुए हादसे के कारण राहत व बचाव कार्य में देर लगी।

बारिश के बीच में पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस और वन विभाग को सूचना दी। बस के अंदर फंसे लोगों की चीखपुकार दिल को दहला देने वाली थी। पेड़ काटने का काम वन विभाग के कर्मचारियों ने किया। ग्रामीण सहयोग में लगे रहे। सीएमओ अवधेश कुमार यादव ने बताया कि हादसे में चार महिला व एक ड्राइवर सहित कुल पांच की मौत हुई है। बस में सवार एक यात्री नादिया ने बताया कि वो देवाशरीफ होकर वापस लौट रही थीं कि रास्ते में हादसा हो गया। हादसे में उनकी मां घायल हुई हैं।

### मृतकों के परिजनों को मिलेंगे पांच लाख रुपये

घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और मृतकों के परिजनों को 5 लाख की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री जी ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनका समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। सवारियां लेकर बाराबंकी से हैदरगढ़ जा रही बस पर करीब साढ़े 10 बजे जैदपुर थाना क्षेत्र की ग्राम हरख में स्थित राजा बाजार के पास पेड़ गिर पड़ा। पेड़ इतनी तेज गिरा कि बस के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

### ट्रेनिंग के लिए जा रही शिक्षिक हुई घायल

कोटवा निवासी शिक्षिका शैल कुमारी ने बताया कि वह असंद्रा ट्रेनिंग के लिए जा रही थीं। अचानक बस चालक ने जोर से आवाज लगाई और उसी समय बस पर पेड़ गिर चुका था, जिससे कई यात्री घायल हो गए। उन्होंने बताया कि लगभग डेढ़ घंटे बाद पेड़ को काटकर हटाया गया।

# गाजियाबाद जेल के कैदियों को मिलेगा रोजगार!

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डासना जिला कारागार प्रशासन ने बंदियों के पुनर्वास और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। अब जेल के भीतर ही पैरामेडिकल ट्रेनिंग सेंटर की शुरूआत की जा रही है। यह सेंटर बंदियों को सजा काटने के साथ-साथ स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर होने का अवसर भी देगा। यह ट्रेनिंग सामाजिक संस्था के सहयोग से संचालित होगी।

शुरूआत में इस सेंटर में 30 ऐसे बंदियों को शामिल किया जाएगा, जिन्होंने इंटरमीडिएट तक विज्ञान विषय पढ़ा है। उन्हें पैरामेडिकल के विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे जेल से बाहर निकलने के बाद हेल्थ सेक्टर में रोजगार हासिल कर सकें। जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा ने बताया कि हमारा उद्देश्य है कि बंदियों को सकारात्मक गतिविधियों में शामिल कर मानसिक और सामाजिक रूप से तैयार किया जाए। पैरामेडिकल ट्रेनिंग के बाद उन्हें प्रमाणपत्र भी मिलेगा, जिससे वे भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें। प्रशिक्षण के साथ-साथ बंदियों को जेल अस्पताल में इंटर्नशिप का मौका भी मिलेगा, जिससे वे प्रैक्टिकल स्किल्स भी सीख सकें। यह पूरी योजना बंदियों के पुनर्वास और समाज में दोबारा सम्मानपूर्वक वापसी के उद्देश्य से तैयार की गई है। गौरतलब है कि गाजियाबाद जिला कारागार में पहले से ही सिलाई, कढ़ाई, कंप्यूटर और तकनीकी प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम चल रहे हैं। पैरामेडिकल ट्रेनिंग इन कार्यक्रमों की नई और महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में जुड़ गई है। जेल प्रशासन का कहना है कि बंदियों की रुचि और सफलता को देखते हुए इस पहल को आगे और विस्तारित किया जाएगा। भविष्य में नए विषयों और अधिक बैचों की भी योजना है। गाजियाबाद जिला कारागार की यह पहल न सिर्फ बंदियों को दूसरा मौका देती है, बल्कि यह साबित करती है कि यदि सही दिशा मिले, तो हर व्यक्ति अपने जीवन को बेहतर बना सकता है।




# बिहार में मतदाता सूची के प्रारूप में 65 लाख नामों का अंतर, चुनाव आयोग ने बताई वजह

**बिहार।** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (रक्फ़) के दौरान प्रारूप मतदाता सूची में 65 लाख नामों का अंतर दर्ज किया गया है। चुनाव आयोग (एउक) ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस अंतर की वजह स्पष्ट की। आयोग के अनुसार, कुल आठ करोड़ मतदाताओं के लिए नामांकन प्रपत्र वितरित और डाउनलोड किए गए थे, जिनमें से 7.24 करोड़ प्रपत्र ही बूथ लेवल अधिकारियों (इछड) द्वारा संग्रहित किए जा सके।

आयोग ने बताया कि शेष मतदाताओं के फॉर्म इसलिए नहीं मिले क्योंकि वे अन्य राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता बन गए थे, या अस्तित्व में नहीं पाए गए, या 25 जुलाई तक फॉर्म जमा नहीं किया, या किसी कारणवश मतदाता के रूप में पंजीकरण के इच्छुक नहीं थे।



### आंकड़ों में स्पष्ट हुआ अंतर

चुनाव आयोग के मुताबिक, 65 लाख के इस अंतर में 22 लाख मृतक, 36 लाख स्थायी रूप से बिहार से बाहर चले गए या उपलब्ध नहीं हुए, जबकि शेष सात लाख ऐसे थे जिनके नाम कई स्थानों पर दर्ज थे। आयोग का कहना है कि रक्फ़का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं और कोई भी अपात्र मतदाता सूची में शामिल न हो।

### दावा और आपत्ति दर्ज कराने की अवधि जारी

आयोग ने बताया कि वास्तविक पात्र मतदाता एक अगस्त से एक सितंबर 2025 के बीच दावा और आपत्ति की अवधि में अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। अभी तक किसी भी राजनीतिक दल ने प्रारूप मतदाता सूची को लेकर कोई दावा या आपत्ति दर्ज नहीं कराई है। हालांकि एक अगस्त को प्रारूप सूची प्रकाशित होने के बाद से अब तक आयोग को मतदाताओं से सीधे 6,257 दावे और आपत्तियां मिली हैं।

### कोई पात्र मतदाता नहीं छूटेगा

चुनाव आयोग ने एक बार फिर दोहराया है कि बिहार की अंतिम मतदाता सूची में किसी भी पात्र मतदाता को बाहर नहीं रखा जाएगा और किसी भी अपात्र नाम को शामिल नहीं किया जाएगा। आयोग ने दावा किया कि दैनिक आधार पर वितरित, संग्रहित और डिजिटाइज किए गए प्रपत्रों का डेटा और ग्राफ सार्वजनिक किया जा रहा है, जिससे प्रक्रिया की पारदर्शिता बनी रहे।

# अमित शाह बोले : घुसपैठियों को एस आईआर बचा बिहारियों की नौकरी खाएगी लालू एंड कंपनी



**सीतामढी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को बिहार के सीतामढ़ी में माता जानकी मंदिर का भूमिपूजन किया। सीएम नीतीश कुमार शिलान्यास व भूमि पूजन में उनके साथ रहे। शाह ने सीतामढ़ी से अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लालू प्रसाद पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और लालू लालू एंड कंपनी पार्लियामेंट में ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रही है। मैं पूछने आया हूं मिथिलांचल वालों से कि मोदी जी को आतंकवादी को जवाब देना चाहिए या नहीं चाहिए? ऑपरेशन सिंदूर करना चाहिए या नहीं चाहिए? लालू एंड कंपनी को मालूम नहीं है कि नरेंद्र मोदी की सरकार है, भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की सरकार है। यहां पर देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का किसी को अधिकार नहीं है।

### गुंडई और अपहरण-फिरौती के अलावा और क्या किया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लालू प्रसाद यादव के बाद तेजस्वी यादव पर भी जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि मैं आज यहां तेजस्वी यादव से पूछने आया हू कि आपके पिताजी और माताजी का कई साल शासन रहा। गुंडई करने और अपहरण-फिरौती के अलावा मिथिलांचल के विकास के लिए दोनों ने क्या किया? मैंने तो मोदीजी की ओर से अपने पाई-पाई का हिसाब दे दिया है। अगर उन दोनों ने कुछ किया हो तो यहीं मैदान में आकर जवाब दीजिए। यहां आने के बाद मां जानकी का आशीर्वाद भी लेलीजिएगा, आपका उद्धार होगा।

### राहुल गांधी को दी नसीहत

इतना ही नहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी पर भी जमकर बोला। उन्होंने कहा कि राहुल जी, बंद कीजिए वोट बैंकों की राजनीति। मतदाता पुनरीक्षण पहली बार नहीं हो रहा। आपके परनाना नेहरु जी ने पहली बार किया था। 2003 अंतिम बार हुआ था। पहले से ही बिहार चुनाव हारने का बहाना तैयार कर रहे हैं।

# फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ होटल से चार महिला समेत 11 गिरफ्तार

## विदेशी नागरिकों से कर रहे थे ठगी

**सहारनपुर।** सहारनपुर में घंटाघर स्थित एक होटल में चल रहे फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर का पुलिस ने भंडाफोड़ करते हुए 11 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है।

सहारनपुर जनपद में घंटाघर स्थित एक होटल में चल रहे फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। कॉल सेंटर के माध्यम से अमेरिका के नागरिकों को टेक्निकल सपोर्ट के नाम पर साइबर ठगी का शिकार बनाया जा रहा था। पुलिस ने मौके से 11 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें सात पुरुष और चार महिलाएं शामिल हैं। उनके पास से 14 लैपटॉप, 11 मोबाइल, पांच हैडफोन, तीन चार्जर और 4900 रुपये नकद बरामद किए हैं।

शुक्रवार को पुलिस लाइन में एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से शहर कोतवाली व साइबर क्राइम पुलिस को घंटाघर स्थित एक होटल से संदिग्ध गतिविधि होने की जानकारी मिल रही थी। शुक्रवार को पुलिस ने होटल में छापा मारकर फर्जी कॉल सेंटर का पदार्फाश किया। मौके से दिल्ली निवासी रोहित शर्मा, करण सरीन, सोनिया, विक्रम,



असम निवासी अलींग दौलगुपुनू, मणिपुर निवासी जसटीन उर्फ जेनगुलीन सिंगसन, सैमुअल, दार्जलिंग निवासी प्रयास, निकिता, नागालैंड निवासी चेनॉयहुन, सायरोनिलिया को पकड़ा। यह सभी पिछले करीब एक महीने से होटल में फर्जी कॉल सेंटर चला रहे थे। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि अमेरिका के नागरिकों के कंप्यूटर सिस्टम में वायरस युक्त पॉप-अप मैसेज भेजते थे। फिर खुद को टेक्निकल सपोर्ट एजेंट बताकर आई बीम कॉलिंग माइक्रोसिप इनकमिंग एप्लिकेशन के जरिए कॉल करते थे। अल्ट्राव्यूअर नामक सॉफ्टवेयर डाउनलोड कराकर कंप्यूटर का स्क्रीन एक्सेस लेते और झूठे वायरस अलर्ट दिखाते।

इसके बाद ग्राहक को बताया जाता कि उन्होंने प्रतिबंधित वेबसाइटों पर लेन-देन किया है। डराने के बाद उन्हें गूगल प्ले, एप्पल, टारगेट, नाइक जैसे गिफ्ट कार्ड्स खरीदने को मजबूर किया जाता। यह गिफ्ट कार्ड्स मैनेजर अनिरुद्ध व साथी रविंद्र सिंह तक पहुंचाकर रिडीम किए जाते और रुपये वसूले जाते। आरोपी विक्रम के खिलाफ गुरुग्राम के थाना उद्योग नगर में भी केस दर्ज है।

# चार दिन में चार मीटर से अधिक घटा जलस्तर

## 60 मोहल्ले व 290 गांव अभी भी प्रभावित

**प्रयागराज।** शहर के करीब 60 मोहल्ले व जिले के 290 गांव अब भी बाढ़ की चपेट में हैं। हजारों बेघर लोग रिश्तेदारों के यहां और शिविरों में रह रहे हैं। वहीं, जो घरों में रुके हैं, वे भोजन और साफ पानी के संकट से जूझ रहे हैं। प्रशासनिक प्रयासों के बावजूद कई इलाकों का संपर्क अभी भी कटा हुआ है।

### जलभराव से जनजीवन अभी भी अस्त-व्यस्त

शुक्रवार को गंगा का जलस्तर फाफामऊ में 82.46 और यमुना का नैनी में 83.00 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान से नीचे है, लेकिन शहर के मोहल्लों और ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव से जनजीवन अभी भी अस्त-व्यस्त है। डीएम मनीष कुमार वर्मा ने बाढ़ग्रस्त इलाकों का दौरा कर राहत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जलस्तर में तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है। जैसे-जैसे पानी उतरेगा, सफाई व मरम्मत कार्यों में तेजी लाई जाएगी। लोग कंट्रोल रूम में कर रहे कॉल, जानना चाह रहे हालात अपने घर छोड़ कर गांव या रिश्तेदारों के यहां शरण लेने वाले लोग कंट्रोल रूम में फोन कर बाढ़ की स्थिति जानने की कोशिश कर रहे हैं। लोग लौटने की योजना बना रहे हैं लेकिन रास्ते बंद होने और जलभराव की वजह से समस्याएं आ रही हैं।



### नदियों के जलस्तर में उतार-चढ़ाव : एक नजर में

| दिनांक | गंगा (फाफामऊ) | गंगा (छतनाग) | यमुना (नैनी) |
|---|---|---|---|
| 1 अगस्त | 85.77 मीटर | 85.05 मीटर | 85.78 मीटर |
| 2 अगस्त | 85.14 मीटर | 84.44 मीटर | 85.14 मीटर |
| 3 अगस्त | 85.87 मीटर | 85.19 मीटर | 85.82 मीटर |
| 4 अगस्त | 86.13 मीटर | 85.41 मीटर | 86.08 मीटर |
| 5 अगस्त | 85.99 मीटर | 85.07 मीटर | 85.79 मीटर |
| 6 अगस्त | 84.84 मीटर | 84.66 मीटर | 84.67 मीटर |
| 7 अगस्त | 83.98 मीटर | 83.20 मीटर | 83.85 मीटर |
| 8 अगस्त | 82.46 मीटर, | 82.02 मीटर, | 82.00 मीटर |

### अब खाने-पीने के भी लाले

प्रयागराज। बाढ़ की अवधि बढ़ने के साथ इसमें फंसे लोगों की दुश्वारियां भी बढ़ती जा रही हैं। बाढ़ पीड़ितों के बीमार पड़ने की शिकायतें बढ़ने के साथ ही भोजन-पानी का भी गंभीर संकट पैदा हो गया है। प्रशासन की ओर से मंगलवार को अलग-अलग क्षेत्रों में भोजन के पैकेट और राहत सामग्री वितरित कराई गई लेकिन यह नाकाफी साबित हुई। सलोरी के रमेश पुरोहित, छोटा बघाड़ा में फंसे दुर्गेश कुशवाहा, म्योराबाद की रंगीता आदि बाढ़ का दंश झेलने को मजबूर हैं। नाकाफी साबित हो रहीं नावें और मोटर बोट बाढ़ में फंसे लोगों को निकालने और लाने-ले जाने के लिए 323 नावें व तीन मोटर बोट लगाई गई हैं। सदर तहसील के अंतर्गत 133 नावें चलाई जा रही हैं लेकिन इनका लाभ सभी प्रभावितों को नहीं मिल पा रहा है।



### जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का किया दौरा

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने मंगलवार को बाढ़ से प्रभावित ग्राम ढोकरी उपरहार तहसील फूलपुर पहुंचकर बाढ़ का निरीक्षण किया तथा गांव के बाढ़ प्रभावित लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए ' गांव के लोंगों के द्वारा बताया गया कि गांव के कुछ घर पानी से घिरे हुए हैं और उन लोगों ने गांव में ही दूसरे लोगों के यहां आश्रय लिया है ' पशुओं को भी अन्यत्र रखा गया है और उनके लिए चारे की आवश्यकता है। जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी फूलपुर को बाढ़ प्रभावित लोंगो के लिए सभी खाद्य सामग्री और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी से वार्ता कर चारे की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं ' उन्होंने उप जिलाधिकारी से पानी से घिरे हुए घरों का नाव से जाकर निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए हैं '

# उत्तरकाशी भूस्खलन में फंसी महिला ने पल्लू फाडकर सीएम धामी को बांधी राखी

**देहरादून।** करंट क्राइम। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में भारी बारिश और भूस्खलन से पूरा धराली गांव तबाह हो गया है। भूस्खलन के बाद से ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी वहां मौजूद रह कर राहत और बचाव कार्य की निगरानी कर रहे हैं। इसी बीच शुक्रवार को एक बेहद ही भावुक क्षण सामने आया जब आपदा प्रभावित एक महिला ने अपनी साडी के कोने से पल्लू फाडकर मुख्यमंत्री को राखी बांधी।

यह महिला गुजरात की है। गुजरात की निवासी धनगौरी गंगोत्री दर्शन करने आई थी, तभी आपदा में फंस गई। धनगौरी बरौलिया ने बताया कि वह अपने ग्रुप के साथ गंगोत्री दर्शन करने आई थी। इस बीच उत्तरकाशी में भारी बारिश के कारण वे फंस गई। एनडीआरएफ और स्थानीय पुलिस ने रेस्क्यू कर धनगौरी और उनके परिवार के सदस्यों को सुरक्षित निकाला। राहत के बाद बहन धनगौरी ने सीएम को राखी बांधी।



# आरआरबी के पूर्व चेयरमैन व 2 रेलकर्मियों के आवास पर सीबीआई का छापा, पहले भी हो चुकी है कार्रवाई

**गोरखपुर।** आरआरबी में जांच करने के बाद दोपहर में इन तीनों के आवास पर भी जाने की सूचना है। लेकिन, कोई मिला नहीं। सीबीआई की टीम ने घर वालों से पूछताछ की और जरूरी प्रपत्र मौके से लिए हैं। बताया जा रहा है कि मॉडर्न कोच फैक्टरी, रायबरेली में फर्जी तरीके से बेटों की नियुक्ति कराने के संबंध में ये छापा मारा गया है।

आरआरबी के पूर्व चेयरमैन और दो रेलकर्मियों के आवास पर बृहस्पतिवार को सीबीआई का छापा पड़ा है। बताया जा रहा है कि ये छापा लखनऊ की सीबीआई की टीम ने डाला है। पूर्व में हुए नियुक्ति प्रकरण में गड़बड़ी की जांच करने सीबीआई की टीमें आई हैं। आरआरबी में जांच करने के बाद दोपहर में इन तीनों के आवास पर भी जाने की सूचना है। लेकिन, कोई मिला नहीं। सीबीआई की टीम ने घर वालों से पूछताछ की और जरूरी प्रपत्र मौके से लिए हैं। बताया जा रहा है कि मॉडर्न कोच फैक्टरी, रायबरेली में फर्जी तरीके से बेटों की नियुक्ति कराने के संबंध में ये छापा मारा गया है।




हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं है। रेलवे भर्ती बोर्ड के निर्देश पर पिछले महीने जांच करने आई दिल्ली विजिलेंस की टीम ने वर्ष 2018 से अब तक की हुई सभी नियुक्तियों से संबंधित 280 फाइलें अपने साथ ले गई थी।

प्रारंभिक जांच के आधार पर पहले गोरखपुर आरआरबी के चेयरमैन नुरुद्दीन अंसारी और उनके निजी सचिव को निलंबित कर दिया गया था। सूत्रों की माने तो रेलवे बोर्ड ने शुक्रवार को ही इस संबंध में आरआरबी गोरखपुर के चेयरमैन को केस दर्ज कराने के लिए पत्र भेजकर निर्देश दिया है।

# किश्तवाड़ में सर्च ऑपरेशन के दौरान मिला आतंकी ठिकाना ध्वस्त, मौके से एके 47 राइफल और गोला-बारूद बरामद

**जम्मू।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में एक आतंकी ठिकाने को ध्वस्त कर एक एके-47 राइफल, गोला-बारूद और अन्य सामग्री बरामद की। अधिकारियों ने बताया कि यह ऑपरेशन चत्रू क्षेत्र के बेरीघाउट-डुगड्डा इलाके में किया गया। रुटीन सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों को यह ठिकाना मिला, जहां से एक एके-47 राइफल, उसकी मैगजीन, 30 गोली (जिनमें कुछ पाकिस्तानी निर्मित गोली भी शामिल हैं), गोला-बारूद और एक बायनॉक्युलर बरामद हुआ।

इस खोज के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने इलाके में और छानबीन की कार्रवाई शुरू कर दी है। अभी तक किसी आतंकी के गिरफ्तार होने की जानकारी नहीं मिली है, लेकिन माना जा रहा है कि यह हथियार किसी आतंकी गुट द्वारा छिपाए गए थे।

**गाजियाबाद नगर निगम**
(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

पत्रांक 086/निर्माण/2025–26 **संशोधन–पत्र** दिनांक: 08.08.2025

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा कार्यालय पत्रांक सं0–85/निर्माण/2025–26 दिनांक 07.08.2025 के द्वारा ई–टेण्डर निविदा सूचना प्रकाशित की गयी थी, जिसकी प्रथम पंक्ति में मोहननगर जोन में कार्यालय भवन के निर्माण कार्य हेतु अल्पकालीन ई–निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है, त्रुटिवश अंकित हो गया है।

उक्त त्रुटि में संशोधन करते हुए अवगत कराना है कि मोहननगर जोन में कार्यालय भवन के निर्माण कार्य हेतु अल्पकालीन ई–निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है, के स्थान पर **"गाजियाबाद नगर निगम द्वारा विभिन्न निर्माण कार्य हेतु ई–निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है"**, पढ़ा जाये।

विस्तृत निविदा सूचना/नियम व शर्ते http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

मुख्य अभियन्ता, गाजियाबाद नगर निगम

दैनिक
# करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com
03 ● नई दिल्ली। शनिवार 09 अगस्त - 2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







# दिवंगत मेयर तेलूराम कांबोज की पुण्यतिथि भूल गए भाजपाई

## केवल पुराने भाजपाइयों को ही उनकी याद आई






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** किसी भी राजनीतिक दल का अपना एक इतिहास होता है। इतिहास में कुछ चेहरे उसकी धरोहर होते हैं। इन चेहरों से पार्टी के संघर्ष पार्टी के आंदोलन और पार्टी की विचारधारा का एक समावेश होता है। इन चेहरों को राजनीति दल याद रखते हैं।

राजनीति में आज की पीढ़ी को ये सीखना है कि अगर राजनीति में सफलता की सीढ़ी चढ़नी है तो उसे अपने सियासी दल की पुरानी पीढ़ी का पता होना चाहिए। इतिहास ठीक से पता होना चाहिए।

नई हवा की नई भाजपा में क्या कुछ हवा हो गया है, इसका पता शुक्रवार को चला। वरिष्ठ भाजपाई, संपादक और पद पर रहते हुए नश्वर शरीर को त्यागने वाले दिवंगत मेयर तेलूराम कांबोज की पुण्यतिथि ही भाजपाई भूल गए। केवल वरिष्ठ भाजपाइयों को ये याद रहा और सबसे खास बात ये रही कि भाजपा के युवा नेताओं को दिवंगत तेलूराम कांबोज की पुण्यतिथि याद नहीं रहीं। नव भाजपाइयों की फौज में कोई ऐसा नहीं था जिसे स्व. तेलूराम कांबोज की पुण्यतिथि याद रही। आमतौर पर ज्ञात-अज्ञात, विख्यात, प्रख्यात और गुमनाम चेहरों की भी पुण्यतिथि और जन्मदिवस गूगल से सर्च कर मनाने वाले भाजपाई अपने ही शहर के दिवंगत वरिष्ठ भाजपाई पूर्व मेयर को भूल गए। केवल पुराने से पुराने भाजपाइयों को ही याद रहा। इतिहास एक धरोहर होता है और भाजपा के युवा नेता अपनी धरोहर से अंजान दिखे। छोटी-छोटी बातों पर सोशल मीडिया पर उत्सव और श्रद्धांजलि का माहौल बना देने वाले भाजपाई पद पर रहते हुए दिवंगत होने वाले वरिष्ठ भाजपाई और मेयर तेलूराम कांबोज को भूल गए। तेलूराम कांबोज भाजपा में एक ऐसा नाम हैं जिन्हें प्रदेश और राष्ट्र की भाजपा के वरिष्ठतम भाजपाई भी जानते हैं। वो भाजपा के लिये क्या थे इस बात का पता वो आधी रात बताती है जब मेयर चुनाव की मतगणना चल रही थी और सपा ने लगभग अपनी जीत मान ली थी, लेकिन आधी रात को राजनाथ सिंह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष होते हुए आए थे। आज के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग नवयुग मार्किट के एमबी गर्ल्स कॉलेज के उस गेट पर अड़ गए थे जहां मतगणना हो रही थी। पुलिस की लाठियां खाकर भी भाजपाई आधी रात को तेलूराम कांबोज को जिताकर लाए थे। तेलूराम कांबोज का पूरा जीवन भाजपा के लिये समर्पित रहा और इस चेहरे को केवल पुराने भाजपाई ही याद रख पाए। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने तेलूराम कांबोज को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने यहां गुरु-शिष्य परंपरा का पालन किया और अपनी श्रद्धांजलि पोस्ट में लिखा कि शिशु मंदिर में मेरे आचार्य रहे गाजियाबाद के पूर्व महापौर स्व. तेलूराम कांबोज की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करता हूं। अगर वरिष्ठता की बात करें तो 1989 से भाजपा के कार्यकर्ता मास्टर अश्वनी शर्मा ने भी स्व. तेलूराम कांबोज को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने ये बताया कि एक ऐसे महापौर जिनके आंदोलन में तत्कालीन गाजियाबाद इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के द्वारा विवेकानंदनगर की योजना में लोगों को सस्ती दर पर आवास उपलब्ध कराए। जिन्होंने हमेशा अपने अखबार दैनिक प्रलयंकर में भाजपा के पक्ष में प्रचार-प्रसार किया। अश्वनी शर्मा ने लिखा कि उन्होंने मुझ जैसे कार्यकर्ता को भी मीडिया सलाहकार का पद सृजित कर अपना मीडिया सलाहकार नियुक्त किया। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने स्व. तेलूराम कांबोज को श्रद्धासुमन अर्पित किये और उन्होंने कहा भी कि पूरा समाज, पत्रकार और नगर निगम उन्हें भूल चुका है। जबकि वह महापौर रहते हुए हम सबके छोड़ गए। आज नगर निगम में कोई उनको याद नहीं करता। भाजपा नेता सरदार एसपी सिंह ने स्व. तेलूराम कांबोज को भाजपा के सेनानायक की संज्ञा दी और उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये।

### जनप्रतिनिधि भी नहीं कर सके स्व. तेलूराम कांबोज को याद

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। तेलूराम कांबोज गाजियाबाद में उस पीढ़ी के भाजपाई हैं जब भाजपा संघर्ष की अवस्था में थी। ना जाने कितने नेता उनके सामने पार्टी में बड़े हुए। उनके सामने कितने लोग संसद, विधानसभा, विधानपरिषद में पहुंचे। जब उनकी पुण्यतिथि थी तो जनप्रतिनिधि उन्हें भूल गए। सांसद, विधायक, एमएलसी किसी की फेसबुक पर कोई श्रद्धांजलि वाली पोस्ट नहीं दिखाई दी। हालांकि यहां पर एक तथ्य ये भी है कि जनप्रतिनिधि और मंत्रियों के सोशल मीडिया अकाउंट को अक्सर अपॉइंट किये गये लोग हैंडल करते हैं। ऐसे में सौ प्रतिशत उनकी गलती या भूल नहीं मानी जा सकती है। लेकिन फिर भी श्रद्धांजलि तो होनी चाहिए।

# नगर निगम की चुनौतियों में सहयोग के लिए नगर आयुक्त ने की पार्षदों से चर्चा

## निगम की बढ़ाई जाए आय, वार्डों में विकास पर हो खर्चा

### हाउस टैक्स पर 20% छूट की अवधि को बढ़ाये जाने पर पार्षदों ने जाहिर की प्रसन्नता



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर पार्षदों द्वारा नगर आयुक्त से मुलाकात करते हुए शहर के विकास कार्यों पर चर्चा की गई जिसमें आंतरिक वार्डों में होने वाले कार्यों को लेकर रफ्तार से करने के लिए मांग की गई। इसी क्रम में पार्षदों द्वारा निगम की आय बढ़ाने को लेकर भी वार्ता की गई जिसमें 20% छूट की बढ़ाई गई अवधि पर भी पार्षदों ने संयुक्त रूप से प्रसन्नता जाहिर की। गाजियाबाद नगर निगम की हाउस टैक्स वसूली को लेकर भी सभी पार्षदों तथा निगम अधिकारियों के बीच मंथन हुआ। मौके पर पार्षद गौरव सोलंकी, पार्षद हिमांशु शर्मा पार्षद नीरज गोयल पार्षद पवन गौतम पार्षद संतोष पार्षद शिवम शर्मा पार्षद देवनारायण शर्मा पार्षद सुधीर, पूर्व पार्षद जाकिर सैफी पवन गौतम व अन्य उपस्थित रहे।

सभी वार्डों में विकास कार्य जारी हैं जिनको रफ्तार देने के लिए हाउस टैक्स की वसूली भी बेहद जरूरी है जिस पर पार्षदों तथा निगम अधिकारियों द्वारा चर्चा की गई शहर में करदाताओं को सहूलियत देते हुए 20% की छूट भी दी गई है जिसके क्रम में जिन करदाताओं द्वारा हाउस टैक्स दिया जा रहा है उनको लाभ प्राप्त हो रहा है। हाउस टैक्स पर शासन तथा कोर्ट के माध्यम से भी निर्णय आने तक शहर के विकास में हाउस टैक्स वसूली को लेकर पार्षदों तथा निगम अधिकारियों में मंथन हुआ।

### हाउस टैक्स वसूली को लेकर पार्षदों तथा निगम अधिकारियों ने किया मंथन



गाजियाबाद नगर निगम की आय बढ़ाने के लिए सभी पार्षदों द्वारा अपना-अपना पक्ष भी रखा गया निगम पर किसी प्रकार की देनदारी ना बढे तथा धन उपलब्धता के क्रम में सभी वार्डों में पार्षदों द्वारा दिए गए मांग पत्रों के क्रम में कार्य कराए जाएं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। मौके पर अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज, नगर स्वास्थ्य प्रभारी डॉ मिथिलेश व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे, जिनको सभी वार्डों में प्रकाश, जल कल, स्वास्थ्य तथा निर्माण संबंधित कार्यों पर विशेष ध्यान देने तथा निरीक्षण करते हुए कार्यवाही करने के लिए कहा गया। नगर आयुक्त द्वारा शहर के विकास के साथ-साथ गाजियाबाद नगर निगम की कई चुनौतियों में भी उपस्थित पार्षदों से सहयोग की अपील की गई। शहर से सृजित होने वाले कूड़े निस्तारण हेतु भूमि की उपलब्धता कराने, कचरा पृथक्करण हेतु शहर को जागरूक करने व अन्य चुनौतियों में सहयोग करने के लिए पार्षदों से अपील की गई।

# एनजीटी ने गाजियाबाद नगर निगम पर लगाया 17.45 लाख का जुर्माना

## कूड़ा डंप करने को लेकर लिया एक्शन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नियमों का अनदेखी करने पर नेशनल ग्रीन ट्राईब्यूनल ने गाजियाबाद नगर निगम पर 17.45 लाख का जुमार्ना लगाया है। एनजीटी में याचिका दायर कर गाजियाबाद नगर निगम पर पर्यावरण को दूषित करने का आरोप लगाया गया था। याचिका की सुनवाई करते हुए एनजीटी ने नगर निगम पर 17.45 लाख का पर्यावरणीय जुमार्ना लगाया है।

लक्ष्मी नारायण नाम के शख्स ने एनजीटी में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया कि डंपिंग ग्राउंड बनाकर पर्यावरण को दूषित किया जा रहा है। एनजीटी की एक टीम ने शिकायत पर मौके पर जाकर निरीक्षण किया था। इस टीम की रिपोर्ट के आधार पर एनजीटी की ओर से शुक्रवार को फैसला सुनाया गया। एनजीटी ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पास जुमार्ने की राशि जमा करानी होगी। हालांकि एनजीटी ने 15 जनवरी तक कंप्लायंस रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए।

# शशि प्रकाश गोयल को उत्तर प्रदेश का मुख्य सचिव नियुक्त किये जाने पर गाजियाबाद के उद्यमियों ने दी बधाई

## संजीव कुमार गुप्ता एवं उपेन्द्र गोयल ने क्षेत्र के उद्यमियों की समस्याओं का सौंपा ज्ञापन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश शासन में मुख्य सचिव के रूप में नियुक्त किये गए शशि प्रकाश गोयल से लखनऊ सचिवालय में समरकूल ग्रुप के चेयरमैन एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल उद्योग मंच के प्रदेश अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता एवं ऑल इंडिया इंडस्ट्रियलिस्ट एशोसिएशन के अध्यक्ष उपेन्द्र गोयल ने मुलाकात कर उन्हें मुख्य सचिव नियुक्त किये जाने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं। क्षेत्र के उद्यमियों की समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन भी मुख्य सचिव को सौंपा। संजीव कुमार गुप्ता एवं उपेन्द्र गोयल पिछले दो दिनों से लखनऊ में हैं। दोनों ने ही उद्योग जगत के हितों के लिए अनेक मंत्रालयों में संपर्क करके क्षेत्र के उद्यमियों की समस्याओं से संबंधित अधिकारियों एवं मंत्रियों को अवगत कराया है। इस लखनऊ दौरे के संबंध में ऑल इंडिया इंडस्ट्रियलिस्ट एशोसिएशन के अध्यक्ष उपेन्द्र गोयल ने बताया कि पिछले कई वर्षों के पश्चात अब हमारा संगठन सक्रियता से उद्योग जगत की समस्याओं को उचित प्लेटफॉर्म पर उठा रहा है तथा इसके सकारात्मक परिणाम भी हमें प्राप्त हो रहे हैं।

# क्यों लिखना पड़ा मयंक गोयल को 'जो हमसे टकरायेगा...'

## उनका दार्शनिक अंदाज रहा कुछ ऐसा कि मैं और तू हैं एक ही रक्त



### भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल को सोशल मीडिया पर ये शब्द क्यों लिखने पड़े, इसके अलग अलग मायने लगाये जा रहे हैं।

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राजनीति में मुख से निकले शब्दों का एक संदेश होता है। ये माना जाता है कि वो कोई भी शब्द बिना सियासी अर्थ के नहीं कह रहे हैं।

सियासी अर्थ के बिना उनके शब्द व्यर्थ माने जाते हैं। खासतौर से जब नेता सोशल मीडिया के मंच पर अपने शब्दों का पंच दे रहे होते हैं तो उसके मायने सियासत से ही जोड़कर देखे जाते हैं। भाजपा के महानगर अध्यक्ष मंयक गोयल ने एक कार्यक्रम में जब अपने शब्द रखे और उन शब्दों को उन्होंने सोशल मीडिया पर रखा तो उन शब्दों को सियासत से जोड़कर देखा गया।

मयंक गोयल ने कहा जो हमसे टकरायेगा वो हममे में मिल जायेगा। उन्होंने एक स्थान पर मैं और तू एक रक्त का भी इस्तेमाल किया। अब भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल को सोशल मीडिया पर ये शब्द क्यों लिखने पड़े, इसके अलग अलग मायने लगाये जा रहे हैं। एक संदेश तलाशा जा रहा है क्योंकि मयंक गोयल कभी भी कोई बात ऐसे ही नहीं कहते हैं। उनका ये दार्शनिक अंदाज भी हो सकता है। भाजपा वाले ही ये कह रहे है कि उन्होंने दार्शनिक दृष्टिकोरण से समरता को लेकर ये बात कही हो। लेकिन राजनीति तो इसके मायने तालशेगी ही और भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के संदेश का अर्थ भी राजनीति के इर्द गिर्द ही घूम रहा है। उन्होंने अपने शब्दों से ये भी कहा कि हमसे कितना ही टकरा लो लेकिन हमें तुम्हें मिलना है। तो ये माना जा रहा है कि वो मानो ये कह रहे हैं कि तुम भी भाजपाई हो, हम भी भाजपाई हैं और हम कितना ही टकरा लें लेकिन हमें फिर भाजपाई रहना है।

भाजपा में कुछ लोग ट्रैक से अलग चल रहे हैं और कहीं कहीं ये अलग चलना खेमाबंदी को जन्म दे रहा है। खेमाबंदी टकराव का कारण बनती है। मयंक गोयल अब महानगर अध्यक्ष है तो वो सबको साथ लेकर चलेंगे। तो वो ये संदेश देकर चल रहे हैं कि हम आपस में वैचारिक रूप से कितना ही टकरा जायें। लेकिन हम भाजपाई रहेंगे। वैसे राजनीति से भी अलग कोई विषय हो सकता है लेकिन फिलहाल इस कथन को राजनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।

# पहली बार निगम के सदन में दिखाई दे रही है इतनी टेंशन पार्षदों को बनानी पड़ गई अपने लिए वेलफेयर एसोसिएशन




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिस नगर निगम में नगर निगम के गठन से लेकर आज तक मेयर वाली चेयर पर भाजपा का कब्जा है। जिस नगर निगम के सदन में सौ पार्षदों वाले सदन में 75 पार्षद भाजपा के हैं। जिस नगर निगम में नेता पार्षद दल भाजपा से, उपनेता भाजपा से और केंद्र से लेकर प्रदेश तक सरकार भाजपा की है। उस नगर निगम में पहली बार ये टेंशन दिखाई दे रही है कि जिन पार्षदों को जनता के वेलफेयर की बात रखनी है वो पार्षद अपनी खुद की पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन लेकर आ गए हैं। शुक्रवार को पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन का आगाज हुआ। इस एसोसिएशन के झंडे के नीचे एक होकर पार्षद नगर निगम पहुंचे। कमाल ये रहा कि इस दल का नेतृत्व कर रहे पार्षद भाजपा के हैं। भाजपा पार्षद गौरव सोलंकी ने हाउस टैक्स के लिये जनता को भेजे जाने वाले एसएमएस पर ऑब्जेक्शन जताया। उन्होंने कहा कि जब हाउस टैक्स का सब्जेक्ट कोर्ट में लंबित है तथा इस पर शासन से भी रिपोर्ट आनी है तभी हाउस टैक्स की दर फाइनल होगी, फिर जनता को भेजे जाने वाले एसएमएस पर रोक लगनी चाहिए।

पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर पर पहुंचे पार्षदों ने नगर आयुक्त से वार्ड में रूके विकास कार्यों पर चर्चा की। वहीं नगर आयुक्त ने मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संजीव सिन्हा को फोन करके तत्काल सभी एसएमएस पर रोक लगाने के आदेश दिये। शुक्रवार को पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन का जलवा निगम में दिखाई दे रहा था। भाजपा के पार्षद थे और उन्होंने नगर आयुक्त से मुलाकात के बाद उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज से मुलाकात की। जहां पर भाजपा पार्षदनीरज गोयल ने वार्डों में उद्यान से संबंधित समस्याओं को उद्यान प्रभारी के समक्ष रखा। उद्यान प्रभारी ने सभी समस्याओं को नोट कर जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। पूर्व पार्षद मनोज गोयल ने नगर आयुक्त के सामने प्रकाश विभाग के कामों में देरी और कर्मचारियों की लापरवाही का विषय रखा। सबसे बड़ी बात यही रही कि जिन पार्षदों को जनता ने अपने वेलफेयर के लिये चुना था उन पार्षदों को अपनी वेलफेयर एसोसिएशन बनानी पड़ी। अभी तक लोग रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन बनाते थे और फिर ये आरडब्ल्यूए वाले पार्षदों के पास जाते थे, लेकिन पहली बार देखा गया कि नगर निगम में पीडब्ल्यूए बन गई।

पार्षद एसोएिशन बनाकर अधिकारियों से मिल रहे हैं। मुद्दे वही सड़क, लाइट, पार्क के हैं, लेकिन एकता का सीन बड़ा गजब का है। सवाल भाजपा के भीतर उठ रहे हैं कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि अपनी ही सरकार में पार्षदों को अपने वेलफेयर की एसोसिएशन बननी पड़ी। दैनिक करंट क्राइम ने पहले ही प्रकाशित किया था कि यह सदन अब तक का सबसे कमजोर सदन साबित हो रहा है। अधिकारी इन पार्षदों की नहीं सुन रहे। पार्षदो में से कोई पार्षद अभी तक जीडीए बोर्ड में नहीं पहुंचा है। नामित पार्षदों वाली फाइल गुमशुदा चल रही है और जब पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन बनी तो इसमें रोचक मोड़ तब आया जब पार्षदों वाली सूची में भाजपा पार्षदों के साथ आम आदमी पार्टी और निर्दलीय पाषद भी आ गए। शुक्रवार को जब पार्षद पहुंचे तो यहां मुख्य रूप से सबसे आगे पार्षद गौरव सोलंकी, हिमांशु शर्मा, पार्षद नीरज गोयल, देवनारायण शर्मा, धीरज अग्रवाल, शिव शर्मा, संतोष सिंह राणा, पूर्व पार्षद मनोज गोयल थे और भाजपा पार्षदों के साथ पार्षद पति पवन गौतम, पार्षद शशि गौतम, पार्षद रुखसाना सैफी, सुधीर कुमार, ओमप्रकाश भाटी, नितिन कुमार भी साथ रहे।

## संपादकीय

# अमेरिका को भारत का कड़ा संदेश

प्रधानमंत्री मोदी ने एमएस स्वामीनाथन शताब्दी सम्मेलन में अमेरिकी टैरिफ पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत किसानों के हितों से समझौता नहीं करेगा। ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए टैरिफ को भारत ने अनुचित बताया है। भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए बाजार खोलने के दबाव में है, जो राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को एमएस स्वामीनाथन शताब्दी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अमेरिकी टैरिफ पर पहली प्रतिक्रिया दी। उन्होंने अमेरिका या डॉनल्ड ट्रंप का नाम लिए बगैर कहा कि किसानों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों के साथ भारत कभी समझौता नहीं करेगा। भारत ने इससे पहले ट्रंप के 50% टैरिफ को अनुचित, अन्यायपूर्ण और तर्कहीन बताया था।

डील की निराशा। ट्रंप बातें रूस की कर रहे हैं, लेकिन समझना मुश्किल नहीं है कि उनकी निराशा के मूल में भारत के साथ अटकी ट्रेड डील भी है। वह चाहते हैं कि भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों और डेयरी प्रॉडक्ट्स के लिए अपना बाजार खोले। लेकिन, भारत के लिए यह राजनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील मुद्दा है। देश की बड़ी आबादी खेती पर आश्रित है और किसान आर्थिक रूप से सशक्त नहीं हैं। फिर वे सब्सिडाइज्ड अमेरिकी प्रॉडक्ट्स से होड़ नहीं कर सकते। पीएम मोदी ने अपने भाषण के जरिये भारत का यही पक्ष रखा है। हताशा में लिए फैसले। ट्रंप इस चिंता को शायद ही समझें, क्योंकि अब ऐसा लग रहा है कि अपनी हर नाकामी का ठीकरा फोड़ने के लिए उन्हें कोई देश चाहिए। अमेरिका में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी का दबाव व यूक्रेन युद्ध न रुकवा पाने की हताशा ट्रंप के फैसलों में झलक रही है। पहले उन्होंने चीन पर दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन जब वहां से 'रेयर अर्थ मिनरल्स' के रूप में झटका लगा, तो भारत और रूस से अपनी बात मनवाना चाहते हैं। सच से दूर ट्रंप का मानना है कि रूस तेल बेचकर युद्ध लड़ने के लिए संसाधन जुटा रहा है। हालांकि उन्होंने इस सच से आंखें मूंद ली हैं कि मॉस्को का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार चीन है। और, भारत के अलावा यूरोपीय यूनियन और यहां तक कि खुद अमेरिका भी रूस से व्यापार जारी रखे हुए है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस व्यापार का पूरा डेटा सामने रखकर अमेरिका की पोल खोल दी थी।

नए समझौते करे भारत। भारत अपनी जरूरत का 85% तेल आयात करता है। रूस से तेल खरीद घरेलू ही नहीं, ग्लोबल ऑयल मार्केट को भी स्थिर रखता है। अमेरिका की पिछली बाइडन सरकार ने भारत के रूस से तेल खरीदने की सराहना की थी क्योंकि उससे बाजार में स्थिरता बनी रही। लेकिन, ट्रंप इन सारी बातों को दरकिनार कर रहे हैं। खैर, इसी महीने अमेरिकी टीम व्यापार वार्ता के लिए भारत आ रही है। आशा है कि दोनों देश कोई रास्ता निकालेंगे। लेकिन इसके साथ भारत को यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौता जल्द करना चाहिए और अन्य देशों के साथ भी ऐसी डील करनी चाहिए ताकि देश का निर्यात लगातार बढ़ता रहे।

# रक्षाबंधन पर केंद्रीय कैबिनेट का बड़ा फैसला

## पीएम उज्ज्वला योजना के तहत 12000 करोड़ रुपये की मंजूरी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत 2025-26 के लिए 12,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दे दी। इससे 10.33 करोड़ परिवारों को लाभ मिलेगा। रक्षाबंधन से ठीक पहले लिए गए इस फैसले से बड़े पैमाने पर देश की महिलाओं को लाभ पहुंचेगा। इसके साथ ही केंद्रीय कैबिनेट ने तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) को 30,000 करोड़ रुपये की एलपीजी सब्सिडी को मंजूरी दे दी है। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कैबिनेट में लिए इन फैसलों की जानकारी दी।

देश भर के गरीब परिवारों की वयस्क महिलाओं को मुफ़्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने के लिए मई 2016 में पीएमयूवाई योजना शुरू की गई थी। 1 जुलाई तक, भारत में लगभग 10.33 करोड़ पीएमयूवाई कनेक्शन हैं। सरकार की ओर से एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थियों को प्रति वर्ष 9 रिफिल (और 5 किलोग्राम सिलेंडर के लिए आनुपातिक रूप से आनुपातिक) के लिए 14.2 किलोग्राम सिलेंडर पर 300 रुपये की लक्षित सब्सिडी को मंजूरी दी है, जिस पर 12,000 करोड़ रुपये का व्यय होगा। भारत अपनी एलपीजी आवश्यकता का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है।

कैबिनेट बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना को समावेशी विकास के लिए विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त है।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का उद्देश्य जनता के जीवन में बदलाव लाना है। अब तक 10.33 करोड़ उज्ज्वला कनेक्शन दिए जा चुके हैं। कैबिनेट ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पीएम उज्ज्वला लाभार्थियों के लिए 12,060 करोड़ रुपये की सहायता को मंजूरी दी है।

# भारत रूस से कच्चे तेल के आयात के कारण लगने वाले 'ट्रंप टैरिफ' के दबाव से कैसे निपटेगा?

**नई दिल्ली।** भारत पर अमेरिका की ओर से लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ का क्या असर पड़ेगा, इस पर तरह-तरह की अटकलें लग रही हैं। इस बीच, मूडीज रेटिंग्स ने बताया है कि भारत टैरिफ के कारण पैदा हुई चुनौतियों से कैसे निपट सकता है। रेटिंग एजेंसी के अनुसार, भारत की मजबूत घरेलू मांग और उसके सेवा क्षेत्र का शानदार प्रदर्शन टैरिफ के आर्थिक प्रभाव को कम करने में मदद करेगा।



### भारत की जीडीपी वृद्धि दर 03% तक पड़ सकती है धीमी

मूडीज ने अपनी रेटिंग में कहा है कि अगर भारत टैरिफ के बावजूद रूस से तेल खरीदना जारी रखता है, तो वास्तविक जीडीपी वृद्धि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 6.3 प्रतिशत के वर्तमान पूवार्नुमान से लगभग 0.3 प्रतिशत अंक तक नीचे जा सकती है। मूडीज रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा, हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025-26 (मार्च 2026 को समाप्त) के लिए हमारे वर्तमान पूवार्नुमान 6.3 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में वास्तविक जीडीपी वृद्धि लगभग 0.3 प्रतिशत अंक धीमी हो सकती है। हालांकि, लचीली घरेलू मांग और सेवा क्षेत्र की मजबूती इस दबाव को कम करेगी।\

### 25% अमेरिकी टैरिफ लागू, 25% 27 अगस्त से होने हैं लागू

6 अगस्त को ट्रंप ने भारतीय वस्तुओं पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किया। यह टैरिफ पहले घोषित 25 प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ से अलग है।

# केंद्र सरकार ने लोकसभा से वापस लिया आयकर विधेयक

## प्रवर समिति की रिपोर्ट के बाद फैसला



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने आयकर विधेयक 2025 को 13 फरवरी 2025 को लोकसभा में पेश किया था। विधेयक की जांच के लिए भाजपा सांसद बैजयंत पांडा की अध्यक्षता में 31 सदस्यीय प्रवर समिति बनाई गई थी।

समिति ने विधेयक की जांच की और 285 सुझाव दिए थे। इसके बाद सरकार ने आयकर विधेयक को वापस ले लिया। केंद्र सरकार ने लोकसभा से आयकर विधेयक 2025 को वापस ले लिया है। विधेयक की जांच के लिए बनी प्रवर समिति की रिपोर्ट के बाद यह फैसला लिया गया। इस विधेयक को फरवरी में लोकसभा में पेश किया गया था। बताया जा रहा है कि नया विधेयक 11 अगस्त को लोकसभा में पेश किया जाएगा।

केंद्र सरकार ने आयकर विधेयक 2025 को 13 फरवरी 2025 को लोकसभा में पेश किया था। विधेयक की जांच के लिए भाजपा सांसद बैजयंत पांडा की अध्यक्षता में 31 सदस्यीय प्रवर समिति बनाई गई थी। समिति ने विधेयक की जांच की और 285 सुझाव दिए थे। समिति ने 21 जुलाई 2025 को अपनी रिपोर्ट लोकसभा में प्रस्तुत कर दी। केंद्र सरकार ने प्रवर समिति की लगभग सभी सिफारिशें सरकार द्वारा स्वीकार कर ली हैं। कुछ सुझाव भी प्राप्त हुए हैं जिन्हें सही विधायी अर्थ प्रदान करने के लिए शामिल करने की आवश्यकता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को लोकसभा में आयकर विधेयक, 2025 वापस ले लिया। उन्होंने कहा कि सरकार प्रवर समिति की ओर से सुझाए गए बदलावों को शामिल करने के बाद विधेयक को नए रूप में लेकर आएगी। बताया जा रहा है कि विधेयक का नया संस्करण 11 अगस्त को लोकसभा में पेश किया जाएगा। सूत्रों के हवाले से समाचार एजेंसी पीटीआई ने बताया कि विधेयक के विभिन्न संस्करणों के कारण भ्रम से बचने तथा सभी परिवर्तनों को शामिल करते हुए एक स्पष्ट और नया संस्करण उपलब्ध कराने के लिए आयकर विधेयक का नया संस्करण सोमवार को सदन में विचार के लिए पेश किया जाएगा।

# ट्रंप के टैरिफ से बाजार में बिकवाली हावी, सेंसेक्स 765 अंक टूटा, निफ्टी 24400 के नीचे

**नई दिल्ली।** टैरिफ चिंताओं के बीच हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन भारतीय बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 765.47 अंक गिरकर 79,857.79 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 232.85 अंक गिरकर 24,363.30 अंक पर आ गया। भारतीय बाजार में शुक्रवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुआ। बेंचमार्क सूचकांक और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 765.47 अंक या 0.95 प्रतिशत गिरकर 79,857.79 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 232.85 अंक या 0.95 प्रतिशत गिरकर 24,363.30 पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 8 पैसे




गिरकर 87.66 (अनंतिम) पर बंद हुआ।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल रहे। वहीं, एनटीपीसी, टाइटन, ट्रेंट, आईटीसी और बजाज फिनसर्व के शेयर लाभ में रहे।

### यूरोपीय बाजार में हुई बढ़त

एशियाई बाजारों में, जापान का निक्केई 225 सूचकांक सकारात्मक दायरे में बंद हुआ, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए।

## रोचक तथ्यों का करंट

- यदि आपके मांसपेशियों में कसरत के बाद परेशानी होती है, तो तरबूज आपकी इस समस्या को हल कर सकता है। यह फल इलेक्ट्रोलाइट्स और एमिनो एसिड साइट्रूलाइन से भरा हुआ होता है, जो भारी कसरत के बाद दर्द की मांसपेशियों को शांत करने में मदद करता है। और एक ईरानी अध्ययन के अनुसार, तरबूज में साइट्रूलाइन मांसपेशियों की थकान को कम करने में मदद कर सकता है।
- तरबूज में कई पोषक तत्व आपके बालों और त्वचा के लिए अच्छे हैं। कुछ त्वचा को सुदृढ़ रखने में मदद करते हैं जबकि अन्य धूप की रोशनी के खिलाफ सुरक्षा करते हैं।
- स्वस्थ पाचन के लिए फाइबर और पानी महत्वपूर्ण हैं। और तरबूज में ये दोनों शामिल हैं।
- क्यूक्रबिटैसीन ई और लाइकोपीन समेत तरबूज में कुछ यौगिकों का अध्ययन कैंसर को रोकने की उनकी क्षमता के लिए किया गया है।
- शोध के अनुसार, हर दिन तरबूज का एक टुकड़ा खराब कोलेस्ट्रॉल के संचय को रोक सकता है, जिससे दिल की बीमारी को रोका जा सकता है।

## राशिफल

**मेष:** किसी अपने नजदीकी से कहासुनी हो सकती है। हृदय को ठेस पहुंच सकती है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। काम में उत्साह की कमी रहेगी।

**वृष:** कम मेहनत से ही कार्यसिद्धि होगी। काफी समय से रुके कार्य पूर्ण होने से प्रसन्नता रहेगी। कार्य की प्रशंसा होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे।

**मिथुन:** नए मित्र बनेंगे। नए कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी। अच्छी खबर मिलने से प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी।

**कर्क:** भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। नौकरी में कार्यभार रहेगा।

**सिंह:** व्ययवृद्धि होगी। बजट बिगड़ेगा। दूसरों से अपेक्षा पूरी नहीं होगी। कार्य की गति धीमी रहेगी। नौकरी में कार्यभार रहेगा। थकान व कमजोरी रह सकती है।

**कन्या:** रुका पैसा मिल सकता है। यात्रा में जल्दबाजी न करें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। सभी कार्य पूर्ण व सफल रहेंगे।

**तुला:** आर्थिक नीति का परिवर्तन सुखद रहेगा। कई तरह के लाभ प्राप्त होंगे। किसी बड़े कार्य को करने की योजना बनेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** शारीरिक कष्ट की आशंका प्रबल है अत: लापरवाही न करें। अध्यात्म तथा तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी विद्वान व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**धनु:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में लापरवाही न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। दूसरों के उकसाने में न आएं।

**मकर:** पारिवारिक मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। कुंआरों को वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। नौकरी में प्रमोशन इत्यादि मिल सकता है।

**कुंभ:** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगास्थायी संपत्ति की खरीद-फरोख्त से बड़ा लाभ हो सकता है। प्रॉपर्टी ब्रोकर्स समय का लाभ ले सकते हैं।

**मीन:** पठन-पाठन व लेखन आदि कामों में मन लगेगा। सफलता प्राप्त होगी। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। मस्तिष्क में नए-नए विचार आएंगे।

## चुटकुले

टीचर - कॉपी छुपा लो, पीछे वाला देख रहा है।
डब्बू - देखने दो सर, मैं अकेला फेल नहीं होना चाहता।

---

किसी शादी में पंडित जी ने दूल्हे का हाथ दुल्हन के हाथ में थमा दिया।
एक बच्चा ये देख रहा था,
उसने अपने पिता से पूछा -पिताजी दूल्हा और दुल्हन आपस में हाथ क्यों मिला रहे हैं?
पिता ने उत्तर दिया - बेटा, पहलवान अखाड़े में उतरने से पहले हाथ जरूर मिलाते हैं !

---

बॉयफ्रेंड अपनी गर्लफ्रेंड से- आओ तुम्हें चांद पर ले जाऊं...
गर्लफ्रेंड- अरे नहीं यार।
बॉयफ्रेंड- लेकिन क्यों?
लड़की- क्योंकि वहां वॉट्सऐप नहीं चलता है।
बॉयफ्रेंड रह गया हैरान!

## 09 08 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# एनडीआरएफ बटालियन में मनाया गया रक्षाबंधन पर्व



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आठवीं बटालियन एनडीआरएफ, गोविन्दपुरम में रक्षाबंधन का पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और जवानों को राखी बाँधकर उनके प्रति सम्मान व स्नेह व्यक्त किया।

इस कार्यक्रम में लिटिल स्टार पब्लिक स्कूल, स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल, जूनियर दिल्ली स्कूल, किड्स बैली पब्लिक स्कूल, स्पर्श स्पेशल स्कूल, डीपीएस गाजियाबाद, योग वेदांत सेवा समिति, राष्ट्रीय व्यापार मंडल, लायंस क्लब गाजियाबाद, इनर व्हील क्लब गाजियाबाद गोल्फ लिंक, कर्मशाला एनजीओ ने भाग लिया। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारी बहनों ने भी जवानों को रक्षासूत्र बांधा तथा अध्यात्म के महत्व को समझाया इसके अलावा राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, एनआईटी-1, फरीदाबाद की छात्राओं ने अपने हाथों से बनाई गई राखियाँ जवानों को भेंट की।

बच्चियों ने भावुक होकर कहा कि उन्हें देश के बहादुर सैनिकों को राखी बांधने का अवसर मिला, यह उनके लिए गौरव की बात है। जवानों



ने भी उन्हें देश और उनकी रक्षा का वचन दिया।

कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों को बटालियन परिसर का भ्रमण कराया गया, साथ ही उन्हें जिप लाइन, स्काई स्केटिंग जैसी रोमांचक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर भी मिला, जिससे बच्चों में उत्साह और उमंग देखने को मिली।

बटालियन के कमांडेंट श्री प्रवीण कुमार तिवारी जी ने बताया कि एनडीआरएफ में देश के विभिन्न राज्यों से आए जवान तैनात हैं, जो अपने परिवारों से दूर रहकर राष्ट्र सेवा में समर्पित रहते हैं। ऐसे में हर त्योहार को बटालियन में परिवार जैसा माहौल बनाकर इस तरह मनाया जाता है कि जवानों को घर से दूर होने का एहसास न हो। उन्होंने सभी स्कूलों, बच्चियों, जवानों एवं उनके परिवारजनों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएँ दीं।

# नेशनल पब्लिक स्कूल में मनाया गया ग्रैंड पेरेंट्स डे समारोह



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राजेंद्र नगर स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में 'ग्रैंड पेरेंट्स डे' समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य रूप से संजीव शर्मा, डॉक्टर शांतनु शर्मा, प्रियांशु शर्मा, प्रधानाचार्या रीना शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नन्हे-मुन्हे छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।



बच्चों ने अपने प्रदर्शन द्वारा दादा-दादी, नाना-नानी के प्रति सम्मान व्यक्त किया। भगवान शिव-स्तुति, कृष्ण-लीला के शानदार प्रदर्शन ने अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देश भक्ति कार्यक्रम द्वारा बच्चों ने वातावरण महका दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रीना शर्मा ने छात्रों के प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों को संस्कृति से जोड़ना शिक्षा का एक अभिन्न अंग है। छात्रों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए प्रधानाचार्या ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# रक्षाबंधन के त्यौहार को लेकर अलर्ट हुई पुलिस कमिश्नरेट, कई थानाक्षेत्रों में पुलिस ने की पैदल गश्त

## पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश का किया गया पालन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में रक्षाबंधन के त्यौहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर कमिश्नरेट के अलग-अलग जोन, थानों और सर्किल में एसीपी स्तर के अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की। इस दौरान कौशांबी, इंदिरापुरम, साहिबाबाद, वेव सिटी ,कवि नगर, घंटाघर कोतवाली व सिहानी गेट थानाक्षेत्र में पुलिस के अधिकारियों ने पैदल गश्त करते हुए कानून व्यवस्था की स्थिति को मजबूत करने का काम किया। बता दें की बीते दिनों पुलिस कमिश्नर ने सभी थाना प्रभारियों और एसीपी स्तर के अधिकारियों को निर्देशित किया गया था कि रक्षाबंधन के त्यौहार को शांतिपूर्वक संपन्न करना है। इसी को लेकर रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस बल द्वारा पैदल गश्त करते हुए सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली गई।

### ट्रैफिक पुलिस ने शुरू किया 48 घंटे का अभियान

करंट क्राइम : गाजियाबाद कमिश्नरेट सिस्टम में रक्षाबंधन के अवसर पर जाम ना लगे, लोगों को परेशान ना होना पड़े और जाम को खोलने के लिए पुलिस कमिश्नरेट ट्रैफिक पुलिस के अलग-अलग अधिकारियों द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था संभाली गई। खुद एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद और तीनों जोन के एसीपी अपने-अपने जोन में यातायात व्यवस्था संभालते हुए नजर आए। वही बड़ी संख्या में पुलिस के ट्रैफिक निरीक्षक, सब इंस्पेक्टर और पुलिस कर्मियों को भी अलग-अलग ड्यूटी प्वाइंट पर तैनात किया गया था ताकि जाम को कंट्रोल किया जा सके।

### बाजारों और प्रमुख स्थानों पर तैनात की गई महिला पुलिसकर्मी

**करंट क्राइम :** रक्षाबंधन पर महिलाओं के साथ वारदात ना हो, उनके साथ कोई मनचला हरकत ना करें, इसको रोकने के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बाजारों, भीड़ वाले इलाकों रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन, बस अड्डे के आसपास महिला पुलिसकर्मियो को तैनात किया गया था ताकि उनके साथ किसी प्रकार का अपराधना होने पाए।

# हर घर तिरंगा अभियान : वसुंधरा मंडल 10 अगस्त को निकालेगा तिरंगा यात्रा

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए वसुंधरा मंडल भाजपा 10 अगस्त को तिरंगा यात्रा निकालेगी। वसुंधरा मंडल कार्यालय पर हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता वसुंधरा मंडल अध्यक्ष विनित त्यागी ने की। महानगर मंत्री गुंजन शर्मा, मुख्य अतिथि रहे। गुंजन शर्मा ने बताया कि सभी मंडलों में योजना बैठकें चल रही है।

10 से 12 अगस्त तक प्रत्येक मंडल में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। कार्यकर्ता शहीदों, युद्धवीरों तथा देश सेवा में बलिदान देने वाले पुलिसकर्मियों के परिजनों को सम्मानित करेंगे। वसुंधरा मंडल अध्यक्ष विनीत त्यागी ने बताया कि 10 अगस्त को वसुंधरा मंडल की भव्य तिरंगा यात्रा निकालने जा रही है वह वैशाली सेक्टर 5 शनि मंदिर





से शॉपिंग मॉल तक निकली जाएगी, जिसमें सैकड़ो कार्यकर्ता हाथों में तिरंगे लिए पद यात्रा करेंगे। इस मौके पर पार्षद राजकुमार भाटी, पार्षद नरेश भाटी, पार्षद गौरव सोलंकी, पूर्व पार्षद मंजू त्यागी, आशीष चौधरी, अजय त्यागी, अभिषेक पंडित, अमरेश चौधरी, लव कुमार, धर्मेंद्र ठाकुर, अवधेश चौधरी, रचना जोशी, मधु गोस्वामी, रेनू सिंह, मदन बिष्ट, वीरेंद्र त्यागी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कौशांबी पिंक बूथ पर महिला पुलिसकर्मी ने बांधी राखी



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर कौशांबी स्थित पिंक बूथ पुलिस चौकी पर महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा रक्षा सूत्र बांधकर मनाया गया। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने इस त्योहार के महत्व और भाई-बहन के प्यार को और भी मजबूत बनाने में योगदान दिया। रक्षाबंधन एक ऐसा त्योहार है जो भाई-बहन के प्यार और रिश्ते को मजबूत बनाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों को राखी बांधती हैं और उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं।

महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा रक्षाबंधन का त्योहार मनाने का यह प्रयास न केवल भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत बनाने में मदद करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि पुलिस विभाग भी समाज के साथ मिलकर त्योहारों को मनाने में सक्रिय भूमिका निभा सकता है। इस अवसर पर महिला थाना पिंक बूथ प्रभारी दुष्यंत और अन्य महिला पुलिस अधिकारियों को उनके प्रयासों के लिए विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। इस मौके पर चौकी प्रभारी भुवनचंद शर्मा डॉ नमित वार्ष्णेय मोहन दास , विकल कुलश्रेष्ठ, संजीव वर्मा , सतवीर चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# गंगाजल की सप्लाई नहीं होने से ट्रांस हिंडन एरिया में पानी की भारी किल्लत

## खराब पंप सही नहीं करने पर लोगों ने नगर निगम कार्यालय पर रक्षाबंधन मनाने की दी चेतावनी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ट्रांस हिंडन एरिया में पिछले कई दिनों से गंगा वॉटर की सप्लाई नहीं होने से पानी की बड़ी किल्लत हो गई है। लोगों को खरीद कर पानी की जरूरत को पूरा करना पड़ रहा है। जल निगम का कहना है कि भारी बारिश और भूस्खलन की वजह से गंगा के तट पर गाद जमा हो गई है जिस वजह से गंगाजल की सप्लाई बाधित हुई है। गंगा जल की सप्लाई नहीं होने पर नगर निगम की ओर से पानी की सप्लाई की जा रही है लेकिन पानी की क्वालिटी अच्छी नहीं होने और प्रेशर कम होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। नगर निगम की ओर से ट्रांस हिंडन एरिया में 20 क्यूसेक गंगाजल की सप्लाई होती है जिनमें इंदिरापुरम वैशाली वसुंधरा डेल्टा कॉलोनी की मांग पूरी की जाती है। वही गंगाजल की सप्लाई नहीं होने के बाद भी नगर निगम की ओर से सोसाइटी में



सबमर्सिबल पंपों की देखरेख नहीं की जा रही है वसुंधरा सेक्टर 4 स्थित मनोकामना अपार्टमेंट में लगा एक पंप पिछले एक महीने से खराब पड़ा है। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष बृजपाल सिंह ने कहा कि नगर निगम के जूनियर इंजीनियर को कई दिन पहले ही पंप खराब होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी उन्होंने पंप ऑपरेटर को भेज कर जांच भी कराई थी लेकिन अभी तक पंप को ठीक नहीं किया गया जिस कारण समिति के एक बड़े हिस्से में रेजिडेंट्स को पानी नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर रक्षाबंधन की सुबह तक पंप को सही नहीं किया गया तो इस बार रक्षाबंधन का पर्व नगर निगम के जोनल कार्यालय पर ही मनाया जाएगा।

# खोड़ा कॉलोनी को बचाना है तो सभी को एकजुट होकर आंदोलन करना पड़ेगा

## प्रधानमंत्री कार्यालय तक मार्च को लेकर बैठक में लोगों ने कहा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा कॉलोनी के मातृका विहार में खोड़ा रेजिडेंट एसोसिएशन और से जल की मांग को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय तक मार्च करने के अभियान को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में 26 अक्टूबर को प्रधानमंत्री कार्यालय तक विशाल रैली को लेकर एकजुट होकर इस आंदोलन को सफल बनाने पर चर्चा की गई, जिसमें कई लोगों ने अपने विचार रखें। वरिष्ठ समाजसेवी निरंजन पाल ने कहा कि आज पानी की समस्या के कारण लोग खोड़ा छोड़ने पर मजबूर है, किसी भी समस्या का कोई समाधान नहीं हो रहा है। हमारे क्षेत्र में कई सालों से बिजली के पोल के कारण पब्लिक परेशान है लेकिन कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया। जगबीर पाल ने कहा अब अगर खोड़ा को बचाना है तो सभी को एकजुट होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि खोड़ा में पानी की दिन प्रतिदिन बढ़ती महामारी से आप जनता परेशान हो चुकी है। खोड़ा रेजिडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक जोशी ने बताया कि गली गली में हमारी टीम पहुंच रही है। हर मोहल्ले में लोगों से मिला जा रहा है उन्हें 26 अक्टूबर के कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी जा रही है। वरिष्ठ



समाजसेवी सरदार सिंह यादव ने जनता से अपील की इस माह रैली में सभी क्षेत्रवासी बढ़-चलकर सहयोग करें। जिससे सरकार के कानों तक हमारी मांग पहुंच सके। बैठक में पूर्व उप प्रधान सुल्तान सिंह यादव, कैलाश यादव, संजय, उमेश सिंह सतपाल, अमर सिंह रावत, ललित मिश्रा, बुद्धि बल्लभ सती, मनोहर दत्त आदि उपस्थित रहे।

# इंदिरापुरम नीति खंड -3 पर छाया पानी का संकट



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के नीति खंड-3, में पीने के पानी का गहरा संकट लगातार होता जा रहा है। लोगों ने नगर निगम से तत्काल समाधान की मांग की गाज़ियाबाद के नीति खंड-3, इंदिरापुरम के निवासी पिछले कुछ समय से पीने के पानी की गंभीर समस्या का सामना कर रहे हैं। रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने इस मामले को लेकर नगर निगम गाज़ियाबाद से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

आरडब्लूए अध्यक्ष परविंदर यादव ने बताया कि गंगाजल की आपूर्ति रुकने पर यह संकट और गहरा हो जाता है। अगर किसी कारणवश गंगाजल की सप्लाई एक दिन भी बंद होती है, तो पीने के पानी का संकट अगले दो दिनों तक बना रहता है। इस दौरान, नगर निगम को ग्राउंड वॉटर से ओवरहेड टैंक भरकर पानी की सप्लाई करनी होती है, लेकिन इसमें भी लापरवाही बरती जा रही है।

नगर निगम के पास पर्याप्त संसाधन हैं कि वह गंगाजल की आपूर्ति बाधित होने पर भी 24 घंटे के भीतर ओवरहेड टैंक भरकर निवासियों को कम से कम एक समय ठीक से पानी दे सके। ₹यह प्रशासन की लापरवाही है कि वे इस बैकअप प्लान को ठीक से लागू नहीं कर पा रहे हैं।

# रक्षाबंधन पर महिलाओं के लिए फ्री बस यात्रा, गाजियाबाद बस अड्डों पर उमड़ी भीड़

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रक्षा बंधन के मौके पर प्रदेश की योगी सरकार ने आज यानि शुक्रवार से रविवार तक सरकारी और नगर विकास विभाग की बसों में महिलाओं की यात्रा फ्री कर दी है। पहले दिन शुक्रवार को बडी संख्या में महिलाओं ने सरकारी बसों से रक्षाबंधन का पर्व मनाने अपने मायके पहुंची। रक्षाबंधन के एक दिन पहले गाजियाबाद के कौशांबी बस अड्डे पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधने के लिए हजारों की संख्या में बहनें बस स्टेशन पर पहुंच रही हैं।



सरकार की ओर से दी गई मुफ्त यात्रा सुविधा का लाभ उठाने के लिए महिलाएं बड़े उत्साह के साथ अपने गंतव्य की ओर रवाना हो रही हैं। इस विशेष अवसर पर यूपी सरकार ने महिलाओं को बस यात्रा में किराया माफ करने की घोषणा की है। यह सुविधा 8 अगस्त सुबह 6 बजे से लेकर 10 अगस्त की मध्यरात्रि तक लागू रहेगी। सरकार की घोषणा के अनुसार, बहनों के साथ यदि उनके पति भी सफर कर रहे हैं तो उन्हें भी टिकट नहीं लेना होगा।

कौशांबी बस स्टेशन प्रशासन ने बताया कि भीड़ को देखते हुए 300 से 400 अतिरिक्त बसें रिजर्व रखी गई हैं, जिन्हें जरूरत के अनुसार फेरे बढ़ाकर चलाया जा रहा है ताकि सभी बहनों को सुरक्षित और समय पर उनके गंतव्य तक पहुंचाया जा सके। इस योजना से बहनों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही है। उन्होंने योगी सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह तोहफा उन्हें रक्षाबंधन के अवसर पर यात्रा की चिंता से मुक्त करता है और भाई से मिलने का उत्साह दोगुना कर देता है।

# राजस्थान रॉयल्स को अलविदा कहेंगे संजू सैमसन? नीलामी से पहले रिलीज करने को कहा

**मुंबई।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने आईपीएल 2026 की नीलामी से पहले फ्रेंचाइजी से खुद को रिलीज करने के लिए कहा है। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, सैमसन ने आईपीएल 2025 सीजन के खत्म होने के बाद ही राजस्थान फ्रेंचाइजी को इस बात की सूचना दे दी थी। राजस्थान ने जून में 2025 सीजन की समीक्षा बैठक की थी, लेकिन उन्होंने अभी तक सैमसन को कोई निश्चित जवाब नहीं दिया है और उन्हें टीम के साथ बने रहने के लिए मनाने का विकल्प अभी भी खुला है। राजस्थान फ्रेंचाइजी से जब सैमसन को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने इस बारे में टिप्पणी नहीं की। सैमसन को लेकर अंतिम फैसला मुख्य कोच राहुल द्रविड़ से सलाह के बाद ही लिया जाएगा। अगर राजस्थान सैमसन को रिलीज करने का फैसला करता है, तो वे उसे किसी अन्य फ्रेंचाइजी को ट्रेड कर सकते हैं या नीलामी में भेज सकते हैं। आईपीएल अनुबंध के अनुसार, ऐसे मामलों में अंतिम निर्णय फ्रेंचाइजी का होता है। जहां तक ट्रेड की बात है, यह खिलाड़ियों की अदला-बदली या पूरी तरह से नकद सौदा हो सकता है। सैमसन ने पहले राजस्थान के लिए 2013 से 2015 तक खेला और वह दो साल दिल्ली फ्रेंचाइजी के लिए खेलने के बाद 2018 में दोबारा राजस्थान रॉयल्स के साथ जुड़े। उन्हें 2021 में टीम का कप्तान बनाया गया था और 2022 में उन्होंने राजस्थान को आईपीएल फाइनल में पहुंचाया। टीम 2008 के बाद पहली बार खिताबी मुकाबले में पहुंची थी, लेकिन ट्रॉफी अपने नाम नहीं कर सकी थी। 2022 सीजन में ऑरेंज कैप और पर्पल कैप जीतने वाले उसके दो खिलाड़ी जोस बटलर और युजवेंद्र चहल को टीम ने आईपीएल 2025 के लिए हुई मेगा नीलामी से पहले रिलीज कर दिया था।

# स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल में राखी एवं रंगोली कार्यशाला का आयोजन




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में बुलंदशहर रोड इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल में शुक्रवार को रंगोली और राखी बनाने की कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मंदार ने जिले के सभी स्कूलों को 8 अगस्त से 15 अगस्त तक अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सांस्कृतिक एवं निर्देश दिए हैं इसी के तहत सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल में शुक्रवार को राखी और रंगोली बनाने की कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्कूल के बच्चों ने सीमा पर जवानों के लिए रक्षा सूत्र का निर्माण करते हुए स्कूल परिसर में ही हर घर तिरंगा यात्रा निकाली। इस मौके पर टीचर्स एवं फैकल्टी मेंबर्स भी उपस्थित थे।

# स्वयं सहायता समूह तथा सफाई मित्र बहनों ने नगर आयुक्त को बांधी होममेड राखी







## नगर निगम मुख्यालय पर रक्षाबंधन के त्योहार पर वेस्ट टू आर्ट को मिला बढ़ावा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं तथा सफाई मित्र बहनों ने होममेड राखी बांधी तथा वेस्ट टू आर्ट के क्रम में बनाई गई राखी बांधकर शहर वासियों को स्वच्छता का संदेश दिया। मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज भी उपस्थित रहे, सरस्वती शिशु मंदिर की छोटी-छोटी छात्राओं द्वारा भी नगर आयुक्त को राखी बांधकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया उपस्थित छात्राओं से नगर आयुक्त द्वारा शहर की स्वच्छता पर भी बात की गई पेड़ लगाओ प्लास्टिक हटाओ पर मोटिवेट भी किया गया। नगर आयुक्त ने बांधी सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं को राखी, पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ हेतु किया मोटिवेट करंट क्राइम। नगर आयुक्त द्वारा राखी बंधवाने के उपरांत सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं को भी राखी बांधी गई तथा शहर की स्वच्छता सुरक्षा को बरकरार रखने हेतु अपील की गई। पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ का संदेश विद्यार्थियों के माध्यम से ही घर-घर तक पहुंचेगा और शहरवासियों को जागरूक करेगा। इसी क्रम में ट्रिपल आर मुहिम के अंतर्गत शहर में बनाई जा रही घर के वेस्ट सामान से राखी का संदेश भी स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहा है जिस पर नगर आयुक्त द्वारा होममेड राखी बनाने वालों को शुभकामनाएं दी गई।

### ट्रिपल आर के क्रम में घरेलू वेस्ट से बनाई जा रही हैं राखी


### पर्यावरण की स्वच्छता और सुरक्षा हेतु छात्राओं का जागरूक होना बेहद जरूरी : नगर आयुक्त

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त सहित निगम अधिकारियों ने सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं तथा सफाई मित्र बहनों को मिठाई में उपहार भी भेंट किया। शहर हित में जन-जन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए अपील भी की गई। वेस्ट से बनी हुई राखी बहुत ही सुंदर है, रिड्यूस रीयूज रीसाइकिल अभियान को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक राखियां घर में वेस्ट से बनाई जाए जिससे शहर की स्वच्छता में एक बड़ा सहयोग रहेगा, निगम द्वारा अपील की गई है।

# शंभू दयाल डिग्री कॉलेज में मनाया गया रक्षाबंधन पर्व







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पिंक बूथ श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर कोतवाली नगर कमिश्नरेट गाजियाबाद के द्वारा शंभू दयाल डिग्री कॉलेज में रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं के साथ भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को प्रतीकात्मक रूप से राखी बांधकर मनाया। इस अवसर पर पुलिस ने न केवल रक्षाबंधन की भावना को बढ़ावा दिया, बल्कि समाज में सुरक्षा और विश्वास का संदेश भी प्रसारित किया। इसके साथ ही, छात्राओं और महिलाओं को महिला संबंधी अपराधों, महिला सशक्तिकरण, और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। छात्राओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों, आत्मरक्षा के तरीकों और साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में रितेश त्रिपाठी, सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली नगर, धर्मपाल सिंह प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर, रितु त्यागी महिला थाना प्रभारी, पिंक बूथ प्रभारी रूबी उपाध्याय, थाना कोतवाली के पुलिसकर्मी, साइबर सेल के पुलिसकर्मी एवं कई एनजीओ की सदस्यों ने भाग लिया।

# नाले में पड़ा मिला युवक का शव दो दिन पहले पत्नी से हुई थी कहासुनी

## क्रेन से निकाला गया शव

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र के 80 फुटा रोड पर नाले से शुक्रवार सुबह एक व्यक्ति का शव मिला। इससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान 42 वर्षीय सुनील कुमार के रूप में हुई है। वह विक्रम एन्क्लेव, शालीमार गार्डन का निवासी था और ड्राइविंग का काम करता था। स्थानीय लोगों ने सुबह नाले में शव तैरता देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से शव को नाले से बाहर निकाला। उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दो दिन पहले सुनील की अपनी पत्नी से किसी बात पर कहासुनी हुई थी। इसके बाद वह घर से निकल गया और तब से लापता था। परिजनों के अनुसार, सुनील ने उस दिन शराब का सेवन भी किया था। पुलिस को आशंका है कि सुनील नाले की दीवार पर बैठा होगा। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से



वह नाले में गिर गया। हालांकि, असली कारणों की पुष्टि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगी। सुनील के परिवार में पत्नी और 25 वर्षीय एक बेटी है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों की मदद से यह भी पता लगाया जा रहा है कि आसपास लगे किसी सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद हुई है या नहीं।

# खेलकूद प्रतियोगिताओं में छात्र छात्राओं ने दिखाया दमखम

## सरस्वती विद्या मंदिर नेहरू नगर बना ओवरऑल चैंपियन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेहरू नगर स्थित दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या में शुक्रवार को विभागीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन खेलकूद प्रतियोगिताओं में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के 16 विद्यालयों के 300 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में भागीदारी की। विभाग की एथलीट प्रतियोगिताओं का उद्घाटन दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर नेहरू नगर के प्राचार्य विपिन राठी तथा क्षेत्रीय खेल प्रमुख रविंद्र मोहन शर्मा ने किया। एथलेटिक्स की इस प्रतियोगिता के बाल वर्ग 200, 400 मीटर में लक्ष्य नोएडा ने प्रथम स्थान तथा दुर्गावती हेमराज टाह के नमन ने लंबी कूद और चक्का फेंक में प्रथम स्थान हासिल किया। किशोर वर्ग में ऋषभ सरस्वती विद्या मंदिर नेहरू नगर, कुणाल राजनगर ने 200 और 400 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 1500 मीटर और 3000 मीटर में रघुपुर के नागेंद्र और बृजघाट के कृष्ण ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं लॉन्ग जंप में नितिन द्वितीय एवं ट्रिपल जंप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिकाओं के गोला फेंक प्रतियोगिता में दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर नेहरू नगर की अनिका, चाहत और रेनू ने अपने-अपने वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर के जीशान ने 1500 और 3000 में प्रथम, मनु शर्मा ने 800 में प्रथम और 3000 में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। किशोर वर्ग की लंबी कूद और त्रिकूट में दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर के केशव ने प्रथम और किशोर वर्ग के गोला ओर चक्का फेक में विवेक यादव बृजघाट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# वाहनों के दबाव के चलते दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर लगा जाम एडीसीपी ट्रैफिक ने बताई वजह

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राखी पर घर जाने वालों की भीड़ के चलते दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और एनएच-नौ पर वाहनों का दबाव बना हुआ है। डीएमई पर डासना के पास वाहनों की लंबी कतार लगी हुई है। एनएच-नौ पर डासना फ्लाईओवर के शुरूआत में सवारी के इंतजार में आधी सड़क घेरकर खड़े यात्रियों की भीड़ के कारण भी लंबा जाम लगा हुआ है। यातायात रोके जाने से लंबा जाम लग गया झारखंड के गर्वनर संतोष गंगवार का काफिला दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से हापुड़ की तरफ जाते हुए डासना पर डीएमई से एनएच-नौ पर आने की वजह से कुछ देर यातायात रोका गया था। वाहनों का दबाव अधिक होने और कुछ देर के लिए यातायात रोके जाने से लंबा जाम लग गया। एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद का कहना है कि त्योहार के कारण वाहनों का दबाव सड़क पर अधिक है। ट्रैफिककर्मी यातायात समान्य कराने में जुटे हुए हैं।



# सिल्वर लाइनर्स ने आजादी का अमृत महोत्सव अभियान का किया शुभारम्भ






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी एवं इंडीपेन्डेन्ट स्कूल्स फैडरेशन के आह्वान पर सिल्वरलाइन प्रैस्टिज स्कूल, बुलन्दशहर रोड इण्ड० एरिया, गाजियाबाद में रंगोली प्रतियोगिता एवं राखी बनाने की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा सभी स्वतंत्रता सेनानियों एवं सैनिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए जागरूकता रैली 'हर घर तिरंगा' स्कूल कैम्पस से देश के जन-जन तक हमारे दिल की धड़कन हमारे स्वतंत्रता नायकों के लिए आयोजित की गयी। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इन कार्यक्रमों में स्कूल के सभी छात्र-छात्राएं, मैनेजमेन्ट सदस्य, प्रधानाचार्या, शिक्षकगण एवं स्टाफ उपस्थित थे।

## लोकार्पण




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एंड पायथन की किट को एवरग्रीन पब्लिकेशन (इंडिया) लिमिटेड ने तैयार किया है। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट पुस्तकों का प्रकाशन करने वाले इस पब्लिकेशन ने शुक्रवार को फ्री एआई किट का वितरण किया। कंपनी के वाईस प्रेसीडेंट राजीव आहूजा, प्रोफेसर नरेन्द्र सिंह तथा उनके सहयोगी सुनील दत्त ने पब्लिकेशन की नई किताब आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एंड पायथन की एआई किट गाजियाबाद पब्लिक स्कूल नेहरूनगर की प्रिंसिपल तथा शिक्षकों को सौंपी। पब्लिकेशन के आधिकारिक मंडल ने छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए लाईफ टाईम टेक्निकल सपोर्ट का वादा किया। इस अवसर पर स्कूल की वाईस प्रिंसिपल गीता गर्ग, श्रीपाल यादव, स्वाती गांगुली मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# गाजियाबाद में दिनदहाड़े सरकारी कर्मचारी की बाइक चोरी

## सीसीटीवी में कैद हुई वारदात



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर के सबसे व्यस्त इलाकों में शुमार कविनगर थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई बाइक चोरी की घटना ने एक बार फिर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। चोरी की यह वारदात बिजली विभाग के एक कर्मचारी के साथ उस वक्त हुई, जब वह क्षेत्र में मीटर रीडिंग ले रहा था। मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित कर्मचारी अपनी बाइक को सड़क किनारे लॉक कर मीटर रीडिंग के लिए गलियों में गया था। इसी बीच एक अज्ञात युवक वहां आया और कुछ ही सेकंड में बाइक का लॉक तोड़ बाइक लेकर फरार हो गया। चोरी की यह पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें आरोपी की तस्वीरें साफ दिखाई दे रही हैं। घटना के बाद पीड़ित ने थाना कविनगर में शिकायत दर्ज कराई है और पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी सौंपा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है। हालांकि, अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कविनगर क्षेत्र में बाइक चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। जनता के बीच भय और असुरक्षा का माहौल है। सरकारी कर्मचारी के साथ दिनदहाड़े हुई चोरी की घटना ने पुलिस की गश्त और निगरानी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब आम लोगों का भरोसा पुलिस पर से उठता नजर आ रहा है।

# राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज में दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत मीना मंच एवं पावर एंजेल के सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता प्रदान करने हेतु दो दिवसीय कार्यशाला राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान, प्रयागराज में आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश के समस्त 75 जनपदों के प्रत्येक जनपद के छह बालिका शिक्षा जेंडर नोडल को प्रतिभाग करना था, इस कार्यशाला का उद्देश्य बालिकाओं को सशक्त बनाना और उनमें नेतृत्व कौशल विकसित करना है मीना मंच बालिकाओं को अपनी बात निडरता से रखना और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने का अवसर प्रदान करता है। उक्त राज्य स्तरीय कार्यशाला में जनपद गाजियाबाद से पूनम शर्मा, अनुराधा, रेनू चौहान, रेनू चौधरी, लता शर्मा और अंजू सैनी द्वारा जनपद का प्रतिनिधित्व किया गया। इन सदस्यों द्वारा जनपद के समस्त उच्च प्राथमिक कंपोजिट एवं केजीबीवी विद्यालयों के सुगमकताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। इनके माध्यम से विद्यालय स्तर पर बालिकाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और जीवन कौशल विकसित कर उन्हें समाज में सशक्त भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की बालिका शिक्षा समन्वयक सरिता सिंह ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए जनपद में बालिकाओं की नेतृत्व क्षमता और उनकी परिवार और समुदाय में स्थिति को बेहतर बनाने के लिए प्रत्येक संभव प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। जनपद नोडल पूनम शर्मा ने जनपद गाजियाबाद में किए गए प्रयासों और नवाचारों को साझा करते हुए विश्वास दिलाया कि जनपद का प्रत्येक विद्यालय मीना मंच मॉडल विद्यालय के रूप में स्थापित किया जाएगा।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम







गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पिलखुवा नगर पालिका चेयरमैन विभु बंसल ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर पिलखुवा नगर पालिका कार्यालय में ग्राम भारत स्कूल की छात्राओं बहनों द्वारा रक्षासूत्र बंधवाया। पिलखुवा चेयरमैन विभु बंसल ने इस अवसर पर नारी सम्मान, बेटी सम्मान और महिला सशक्तिकरण का वादा किया। इस अवसर पर ग्राम भारती स्कूल के प्रधानाध्यापक विकास पुंडिर अध्यापिका लता वर्मा, अध्यापक नितिन शर्मा, बहन प्रिंसी, पूजा, वाशिंक, राधिका आदि उपस्थित रहे। विभु बंसल की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# रक्षाबंधन भाई-बहन के प्रेम और विश्वास का प्रतीक : राजा भैया




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजसेवी राजा भैया ने बताया कि रक्षाबंधन का त्यौहार भाई बहन के प्रेम और विश्वास का प्रतीक है। यह त्यौहार सावन माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है, इसलिए इसे राखी पूर्णिमा भी कहा जाता है। इस पावन दिन बहनें अपने भाइयों की पूजा करती हैं और फिर उनकी कलाई पर राखी बाँधती हैं और बदले में अपने भाइयों से उपहार प्राप्त करती हैं। ब्रिटिश राज के दौरान, रवींद्रनाथ टैगोर ने भी बंगाल के विभाजन को रोकने और मित्रता एवं एकता को बढ़ावा देने के लिए राखी का सहारा लिया था। यह त्यौहार भारत में हिंदुओं और विभिन्न समुदायों के लोगों द्वारा मनाया जाता है। नेपाल, संयुक्त अरब अमीरात, मॉरीशस आदि देशों के लोग भी इस त्यौहार को बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाते हैं। क्षेत्र के आधार पर इस त्यौहार के अलग-अलग नाम हैं। दक्षिण भारत में इसे अवनि अवतार और कुछ क्षेत्रों में कजरी पूर्णिमा भी कहा जाता है।

# आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में हुआ प्रॉम्ट इंजीनियरिंग पर एमडीपी का आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आई.एम.एस. गाजियाबाद (यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस) में एमडीपी सेल द्वारा मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसका विषय 'प्रॉम्ट इंजीनियरिंग : क्राफ्टिंग इफेक्टिव इंटरेक्शन्स विथ एआई टूल' रखा गया। एमडीपी में एआई की महत्ता एवं उसको प्रयोग करने की प्रक्रिया पर चर्चा की गयी, साथ ही एआई में प्रॉम्ट इंजीनियरिंग के बारे में बताते हुए एआई में इसकी भूमिका के बारे में बताया। एमडीपी में, प्रबंधकों, विशेषज्ञों, शिक्षकों, शोधकर्ताओं एवं छात्र-छात्राओं को न केवल एआई प्रॉम्ट इंजीनियरिंग के बारे में समझाया बल्कि जेनेरेटिवे एआई के बारे में बताते हुए इसके कार्यों की भी चर्चा की। एमडीपी में देश के विभिन्न शहरों से 150 से अधिक प्रबंधकों, विशेषज्ञों, शिक्षकों, शोधकर्ताओं एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ आईएमएस गाजियाबाद ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स के जनरल सेक्रेटरी सीए (डॉ.) राकेश छारिया, संस्थान की निदेशक प्रो.(डॉ.) जसकिरण कौर, मुख्य अतिथि एवं वक्ता रोहित गुप्ता (टेक्निकल लीड ब्लॉकचैन एंड एआई एक्सपर्ट एमसीएन सोलूशन्स, नोएडा), जॉन गोडेल (चीफ एंटरप्राइज आर्किटेक्ट/ एआई आर्किटेक्ट अल्पाइनगेट एआई टेक्नोलॉजीज यूएसए), महेश चंद (फाउंडर कार्नर यूएसए), स्टेफेन साइमन (क्लाउड एंड एआई एडवोकेट रीजनल डायरेक्टर इंडिया एंड एशिया पैसेफिक) एवं विपुल जैन (सलूशन आर्किटेक्ट ग्लोबल सॉवरे टेक्नोलॉजीज बेंगलुरु, इंडिया) द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. तृप्ति सिंह, डॉ. संध्या शर्मा, प्रो. मनीष कुमार एवं प्रो.आशीष भटनागर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन डॉ. तृप्ति सिंह द्वारा उपस्थित जन का धन्यवाद कर किया गया।



# अमेरिका ने फिर अलापा पुराना राग, विदेश मंत्री बोले भारत-पाकिस्तान संघर्ष में हम सीधे तौर पर शामिल हुए



**वॉशिंगटन ।** अमेरिका का ट्रंप प्रशासन कई बार दावा कर चुका है कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने में उनकी भूमिका है। हालांकि भारत सरकार की तरफ से इस दावे को खारिज कर दिया गया लेकिन फिर भी बार-बार राष्ट्रपति ट्रंप और उनके प्रशासन के मंत्री वही दावा कर रहे हैं। अब एक बार फिर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि जब भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष हुआ तो अमेरिका उसमें सीधे तौर पर शामिल हुआ था और राष्ट्रपति ट्रंप दोनों परमाणु संपन्न देशों के बीच शांति स्थापित करने में सफल रहे।

ट्रंप कई बार कर चुके हैं ऐसा दावा 10 मई को भारत-पाकिस्तान में संघर्ष विराम के बाद से राष्ट्रपति ट्रंप 30 से ज्यादा बार दोनों देशों में संघर्ष विराम कराने का दावा कर चुके हैं। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के समाधान में मदद की और दोनों देशों से कहा कि अगर वे संघर्ष रोक दें तो अमेरिका उनके साथ व्यापार बढ़ाएगा। हालांकि भारत लगातार यह कहता रहा है कि पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम पर सहमति दोनों सेनाओं के सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच सीधी बातचीत के बाद बनी थी।

अब अमेरिका के रुबियो ने गुरुवार को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि 'ट्रंप शांति के लिए प्रतिबद्ध हैं और वे 'शांति के राष्ट्रपति' हैं और इसलिए, जब भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष हुआ, तो हमने सीधे तौर पर इसमें भाग लिया और राष्ट्रपति ट्रंप शांति स्थापित करने में सफल रहे।' इसके साथ ही रुबियो ने अन्य संघर्षों का भी जिक्र किया, जिनके बारे में उन्होंने कहा कि ट्रंप ने उन्हें सुलझाने में मदद की।

### कई अन्य संघर्षों का भी दिया हवाला

रुबियो ने कहा, 'हाल ही में कंबोडिया और थाईलैंड, अजरबैजान और आर्मेनिया, उम्मीद है कि कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य-रवांडा के बीच भी संघर्ष विराम हो सकता है। रुबियो ने कहा कि कांगो और रवांडा के संघर्ष में बीते 30 वर्षों में करीब 70 लाख लोग मारे गए।

# डोभाल की शोइगु के साथ दोस्ती वक्त की कसौटी पर खरी

## गहरे संबंधों को देते हैं महत्व



**अमेरिका ।** अमेरिकी टैरिफ का पहला चरण लागू होने के साथ ही भारत और रूस ने द्विपक्षीय सुरक्षा वार्ता में अपनी रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने बृहस्पतिवार को रूस के रक्षा परिषद के प्रमुख और देश के पूर्व रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु से मुलाकात की।

इस दौरान शोइगु ने कहा, भारत के साथ हमारे संबंध मजबूत और समय की कसौटी पर खरे हैं। बैठक के दौरान डोभाल ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के इस वर्ष के अंत में भारत दौरे की तिथियों पर भी चर्चा की। इंटरफैक्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक, रूस और भारत एक नई विश्व व्यवस्था बनाने की उम्मीद कर रहे हैं। शोइगु ने टेलीविजन पर दिए गए अपने बयान में डोभाल से कहा, हम एक नई, अधिक न्यायसंगत और टिकाऊ विश्व व्यवस्था बनाने, अंतरराष्ट्रीय कानून की सर्वोच्चता सुनिश्चित करने और आधुनिक चुनौतियों और खतरों का संयुक्त रूप से मुकाबला करने के लिए सक्रिय सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बैठक में डोभाल ने कहा, हमारे बीच के गहरे संबंधों को हम काफी महत्व देते हैं।

डोभाल ने कहा, राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा के बारे में जानकर हम बहुत उत्साहित और प्रसन्न हैं। मुझे लगता है कि अब तारीखें लगभग तय हो चुकी हैं। आपने (शोइगु) बिल्कुल सही कहा कि हमारे बीच एक बहुत ही खास, दीर्घकालिक रिश्ता है और हम अपनी रणनीतिक साझेदारी को बहुत महत्व देते हैं। इस दौरान एनएसए डोभाल ने पीएम मोदी की तरफ से पहलगाम आतंकी हमले के बाद समर्थन के लिए राष्ट्रपति पुतिन को शुक्रिया कहा। तेल खरीद में कमी आने की उम्मीद नहीं डोभाल द्विपक्षीय ऊर्जा और रक्षा संबंधों पर चर्चा करने और इस वर्ष के अंत में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा के लिए आधार तैयार करने के लिए बुधवार को मास्को पहुंचे हैं। डोभाल ने आशा व्यक्त की कि शिखर सम्मेलन द्विपक्षीय संबंधों के विकास के लिए नई दिशाएं प्रदान करेगा और वार्ता का ठोस परिणाम निकलेगा। सूत्रों के अनुसार ट्रंप के टैरिफ के दबाव के बावजूद भारत फिलहाल रूस से तेल खरीद में कोई कमी नहीं करने जा रहा है।

# कनाडा में 21 साल की भारतीय छात्रा की हत्या मामले में गोली चलाने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया




**टोरंटो ।** कनाडा में 21 वर्षीय भारतीय छात्रा हरसिमरत रंधावा की हत्याकांड में गोली चलाने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। उस पर हत्या का आरोप लगाया गया है। कार्यवाहक डिटेक्टिव सार्जेंट डेरिल रीड के हवाले से बताया गया कि हैमिल्टन पुलिस ने मंगलवार को ओंटारियो के नियाग्रा फॉल्स में 32 वर्षीय जेरडाइन फोस्टर को गिरफ्तार किया था। उस पर हत्या के प्रयास के तीन मामलों में भी आरोप लगाए हैं।

मोहॉक कॉलेज में फिजियोथेरेपी कोर्स में दाखिला लेने वाली द्वितीय वर्ष की छात्रा रंधावा को 17 अप्रैल को गोली लगी थी। अस्पताल में उसकी मौत हो गई थी। वारदात उस वक्त हुई, जब छात्रा अपर जेम्स स्ट्रीट और साउथ बेंड रोड के चौराहे पर एक बस स्टॉप के पास खड़ी थी। बताया जा रहा है कि भारतीय छात्रा बस से उतरी ही थी और सड़क पार करने का इंतजार कर रही थी, तभी उसे गोली लगी।

बताया गया कि चार कारों में सवार कम से कम सात लोगों के बीच विवाद हुआ। इस दौरान गोलीबारी हुई। कारों के बीच गोलियां चलीं और कम से कम दो बंदूकों का इस्तेमाल किया गया। हरसिमरत एक निर्दोष दर्शक थी। वह बस एक स्थानीय जिम से घर जा रही थी, तभी उसे गोली मार दी गई और उसकी मौत हो गई। जांच अभी भी जारी है। हम इस मौत में शामिल सभी लोगों की पहचान, पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

# दुष्कर्म के दोषी ऑस्ट्रेलियाई सांसद ने दिया इस्तीफा

## दो युवकों के शोषण के आरोप

**मेलबर्न ।** न्यू साउथ वेल्स राज्य के निर्दलीय सांसद गैरेथ वार्ड को जुलाई में दो युवकों के खिलाफ यौन अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया था। हालांकि दोषी ठहराए जाने के बावजूद वार्ड ने अपनी सीट से इस्तीफा देने से इनकार कर दिया था।

मतदान से कुछ समय पहले ही छोड़ा पद शुक्रवार को जब सांसद को पद से हटाने के लिए असेंबली में मतदान होना था तो वार्ड ने कानूनी दांवपेंच से इसे रोकने की कोशिश की, लेकिन जब यह कोशिश असफल रही तो वार्ड ने खुद ही इस्तीफा देने का फैसला किया। 44 वर्षीय वार्ड पर साल 2015 में एक संसदीय कार्यक्रम के बाद एक युवक का यौन उत्पीड़न किया था। वार्ड पर साल 2013 में भी यौन दुर्व्यवहार का आरोप लगा। बिना सहमति के यौन संबंध बनाने के एक मामले और अश्लील हरकतें करने के तीन मामलों में गैरेथ वार्ड को सितंबर में दोषी ठहराया गया है। पिछले हफ्ते वार्ड की जमानत रद्द हो गई थी, जिससे



**ऑस्ट्रेलिया के एक राज्य सांसद ने शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया। सांसद को दो युवकों से दुष्कर्म का दोषी पाया गया है और फिलहाल वह जेल में बंद हैं। दोषी सांसद को पद से हटाने के लिए सदन में शुक्रवार को मतदान होना था, लेकिन मतदान से कुछ क्षण पहले ही सांसद ने खुद इस्तीफा दे दिया**

उन्हें जेल जाना पड़ा। हालांकि उन्होंने जेल में भी न्यू साउथ वेल्स सीट से इस्तीफा देने से इनकार कर दिया। वार्ड के इस कदम की खूब आलोचना हुई।

सदन के नेता रॉन होएनिग ने कहा कि यह शर्मनाक है कि वार्ड को इस्तीफा देने में इतना समय लगा। उन्होंने कहा कि 'मुझे लगता था कि दुष्कर्म का दोषी होना ही सदन से निष्कासित होने के लिए काफी है। न्यू साउथ वेल्स सीट पर गैरेथ वार्ड का दबदबा रहा है और वह साल 2011 से ही इस सीट पर काबिज थे। साल 2022 में जब दुष्कर्म के आरोपों के चलते वार्ड को सदन से निलंबित कर दिया गया था तो उसके बाद साल 2023 में हुए चुनाव में फिर से वार्ड ने जीत हासिल कर सभी को चौंका दिया था। वार्ड को 14 साल जेल की सजा सुनाई जा सकती है।

# लाई लामा के पुनर्जन्म पर चीन ने किया दावा खारिज किया निर्वासित तिब्बती नेता का अधिकार



**बीजिंग ।** तिब्बत पर चीन की सत्तावादी पकड़ का प्रदर्शन करते हुए बीजिंग ने एक बार फिर दलाई लामा की पुनर्जन्म प्रक्रिया पर पूर्ण नियंत्रण का दावा किया है। उसने इस मामले पर आध्यात्मिक नेता के अधिकार को खारिज कर दिया है। तिब्बत एन रिव्यू की रिपोर्ट के अनुसार, यह बयान तथाकथित तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र (टीएआर) के अध्यक्ष गामा सेडैन ने टीएआर की स्थापना की 60वीं वर्षगांठ के अवसर पर बीजिंग में हुए एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान दिया।

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की टीएआर समिति के उप-सचिव, सेडैन ने घोषणा की कि दलाई लामा के पुनर्जन्म के बारे में चीन सरकार का निर्विवाद रूप से अंतिम निर्णय होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह प्रक्रिया घरेलू स्तर पर कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा स्वीकृत विधियों के जरिये और सिर्फ बीजिंग की स्पष्ट स्वीकृति के साथ ही पूरी की जानी चाहिए। इसमें विवादास्पद स्वर्ण कलश लॉटरी निकालने की रस्म भी शामिल है। यह कट्टर दावा दलाई लामा के रुख के बिल्कुल उलट है। पिछले महीने अपने 90वें जन्मदिन समारोह के दौरान, निर्वासित तिब्बती आध्यात्मिक नेता ने दोहराया कि उनके पुनर्जन्म का निर्धारण पूरी तरह से उनके द्वारा इसी उद्देश्य के लिए स्थापित एक गैर-लाभकारी संस्था द्वारा किया जाएगा, न कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के नियंत्रण में।

तिब्बती रिव्यू ने जिक्र किया कि सेडैन ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि बीजिंग के शासन वाले क्षेत्र में उनके पुनर्जन्म का कोई सवाल ही नहीं है। चीन लंबे समय से नोबेल शांति पुरस्कार विजेता दलाई लामा को अलगाववादी बताता रहा है, हालांकि उन्होंने चीन के भीतर केवल वास्तविक स्वायत्तता की मांग की है, स्वतंत्रता की नहीं। रिपोर्ट के अनुसार, बीजिंग तिब्बत पर पूर्ण वैचारिक और धार्मिक नियंत्रण से कम कुछ नहीं चाहता। चीन पहले भी तिब्बत में धार्मिक उत्तराधिकार के मामले में दखल करता रहा है। 1995 में उसने एक छह साल के बच्चे को अगवा कर 11वें पंचेन लामा के रूप में मान्यता दी और उसकी जगह एक चुने हुए वफादार को नियुक्त कर दिया था। मूल बच्चा, गेधुन चोएक्यी न्यिमा, आज तक लापता है।

# ऑपरेशन सिंदूर' में किन-किन इस्राइली हथियारों का हुआ इस्तेमाल



**वॉशिंगटन ।** बेंजामिन नेतन्याहू ने पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान की संलिप्तता के जवाब में सैन्य कार्रवाई के तौर पर चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारत की ओर से इस्राइली हथियारों के इस्तेमाल की बात स्वीकार कर ली है। 'ऑपरेशन सिंदूर' में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के साथ संयुक्त रूप से विकसित बराक-8 मिसाइल और हार्पी ड्रोन जैसे हथियारों का इस्तेमाल किया गया था। इस्राइली प्रधानमंत्री ने गुरुवार को हमास के खात्मे के लिए गाजा पर सैन्य हमले बढ़ाने की अपनी योजना का खुलासा करते हुए कहा, 'हमने पहले जो हथियार उपलब्ध कराए थे, वे जमीनी स्तर पर बहुत कारगर रहे। हम अपने हथियार जमीनी स्तर पर विकसित करते हैं। वे युद्ध के जांचे-परखे होते हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'उन्होंने अच्छा काम किया और हमारे पास एक मजबूत आधार है।' भारतीय सेना ने 7 मई से शुरू होकर लगभग 100 घंटे की अवधि में पाकिस्तानी मिसाइलों खदेड़ने के लिए बराक मिसाइलों और हार्पी ड्रोन के अलावा स्वदेशी हथियार प्रणालियों का इस्तेमाल किया था। इस दौरान रूस निर्मित एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली का भी इस्तेमाल किया गया था।

हहार्पी ड्रोन इस्राइल द्वारा निर्मित मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) है, जिसे इस्राइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज ने विकसित किया है। यह एक लॉइटरिंग म्युनिशन है। जिसे मुख्य रूप से दुश्मन के रडार सिस्टम और हवाई रक्षा प्रणालियों को नष्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह ड्रोन निगरानी और सटीक हमले दोनों में सक्षम है।

# बिश्नोई गैंग से मिली धमकी के बाद भी कपिल ने की शूटिंग

**कनाडा ।** कपिल शर्मा इस वक्त मुश्किलों से घिरे हुए हैं। दो बार इस कॉमेडियन के कैफे पर हमला हो चुका है, फायरिंग की गई है। कल ही यानी गुरुवार को भी दूसरी बार कपिल के कैफे पर फायरिंग हुई। इस घटना के बाद भी वह अपने कॉमेडी शो ह्यद ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शोह्न की शूटिंग कर रहे हैं।

ये एक्टर्स कपिल के साथ करेंगे शूटिंग सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है, जिसमें जान्हवी कपूर अपनी फिल्म ह्यपरम सुंदरीह्न के प्रमोशन के सिलसिले में कपिल शर्मा के शूटिंग सेट पर नजर आईं। सिद्धार्थ मल्होत्रा का भी एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह भी उसी शूटिंग सेट पर नजर आ, जहां जान्हवी थी। इस तरह दोनों एक्टर्स कपिल के साथ शूटिंग करने के लिए पहुंचे हैं।

कपिल को मिली धमकी से सलमान का कनेक्शन सलमान खान भी ह्यद ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शोह्न के पहले एपिसोड



**कपिल शर्मा के कनाडा वाले कैप्स कैफे में फिर से फायरिंग की गई। इस घटना की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली है। साथ ही कपिल को धमकी भी दी है**

# टैरिफ का गलत इस्तेमाल हो रहा, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के आदेश के खिलाफ भारत को मिला चीन का साथ

**बीजिंग ।** जिसके बाद अमेरिका द्वारा भारत पर लगाया गया कुल टैरिफ बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है। जब इसे लेकर चीन से प्रतिक्रिया मांगी गई तो चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि 'टैरिफ के दुरुपयोग के प्रति चीन का विरोध सही और स्पष्ट ह



### भारत ने अपनाया कड़ा रुख

अमेरिका के टैरिफ लगाने के फैसले पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई। भारत ने आधिकारिक बयान में कहा कि अमेरिका का यह कदम अनुचित, अन्यायपूर्ण और गैरवाजिब है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि 'यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि अमेरिका ने भारत पर ऐसे कदमों के लिए अतिरिक्त शुल्क लगाने का निर्णय लिया है जब कई अन्य देश भी अपने राष्ट्रीय हित में ऐसे कदम उठा रहे हैं। हम दोहराते हैं कि ये कदम अनुचित, अन्यायपूर्ण और अविवेकपूर्ण हैं। भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा।'

**चीन पर नरमी बरत रहे ट्रंप:** गौरतलब है कि अमेरिका ने रूस से कच्चा तेल खरीदने के चलते भारत पर टैरिफ लगाने का एलान किया है, लेकिन चीन भी बड़े पैमाने पर रूस से कच्चा तेल खरीदता है, लेकिन चीन के मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने चुप्पी साधी हुई है। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार समझौते को लेकर बातचीत भी चल रही है। हाल ही में स्टॉकहोम में दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत भी हुई। अमेरिका ने चीन पर लगाए गए 145 प्रतिशत टैरिफ को फिलहाल 90 दिनों के लिए स्थगित किया हुआ है।

**टैरिफ के मुद्दे पर अमेरिकी मनमानी के खिलाफ भारत को चीन का साथ मिला है। चीन ने कहा है कि अमेरिकी सरकार द्वारा टैरिफ का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है और हमारा इसके प्रति विरोध साफ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने के लिए भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने संबंधी कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।**

# भागीरथ संस्थान कर रहा है अशक्त बच्चों को प्रशिक्षित

## वोकेशनल ट्रेनिंग से संवर रहा दिव्यांगों का भविष्य









**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** हम 21वीं सदी में आर्थिक विकास की दौड़ में शामिल हैं। इस दौड़ में सभी अपना भविष्य संवारने के लिए भागे जा रहे हैं, वहीं भागीरथ सेवा संस्थान द्वारा संचालित भागीरथ विशेष विद्यालय और उड़ान डे केयर सेंटर 25 वर्षों से लगातार उन बच्चों को जो किसी न किसी रूप में विकास की दौड़ में पीछे रह गए हैं, समाज के साथ चलना सिखा रहा है। राजनगर एक्सटेंशन स्थित यह विद्यालय दिव्यांग बच्चों के मां-बाप के लिए उम्मीद की एक किरण बनकर उभरा है। यह स्कूल दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्यधारा में लाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रहा है। विद्यालय की प्रधानाचार्य सुमन राजपूत का कहना है कि हमारा उद्देश्य इन बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ आर्थिक आत्मनिर्भर बनाना है। विद्यालय में लगभग 150 बच्चे कक्षा 8वीं तक की शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। ये बच्चे विभिन्न प्रकार की दिव्यांगता से ग्रसित हैं। यह बच्चे हैं जो आर्थिक रूप से कमजोर और सामजिक रूप से पिछड़े वर्ग से आते हैं। इन बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ समाज में आत्मनिर्भर बनाने के लिए हम उनके मानसिक स्तर पर प्रयत्न करते हैं, ताकि वे समाज जिनको सामान्य दृष्टि से असामान्य कहते हैं, उन्हें समानता से देख सकें।

### लगभग 3000 बच्चे अब तक हो चुके हैं प्रशिक्षित

**करंट क्राइम।** भागीरथ स्पेशल स्कूल एवं उड़न डे केयर सेंटर में आने वाले बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की वोकेशनल ट्रेनिंग दी जाती है। कुछ खास अवसरों जैसे तीज- त्यौहार आदि पर विशेष प्रकार की चीजे बनाना सिखाया जाता है जिसे वह मार्केट में सीधे बेचकर अच्छा व्यापार कर सकते हैं। जैसे रक्षाबंधन के अवसर पर खूबसूरत और आकर्षक राखियाँ व घरों के डेकोरेटिव सामान, दीपावली पर विभिन्न प्रकार की मोमबत्तियाँ, दीये, सजावटी दिए, जेल वाली कैंडल आदि बनाना सीखते हैं। फिर इनकी प्रदर्शनी लगाकर लोगों तक इन्हें पहुँचाया जाता है। इससे न केवल बच्चों को रोजगार के अवसर मिलते हैं बल्कि कुछ न कुछ धन के रूप में भी लाभ प्राप्त होता है। इससे उन बच्चों में व्यापार की समझ बढ़ती है। अब तक लगभग 3000 बच्चे प्रशिक्षित हो चुके हैं। भागीरथ सेवा संस्थान के निदेशक अनादि सुकुल कहते हैं कि दिव्यांग बच्चों के लिए समाज में अभी भी ग्राहता की कमी है। कुछ बदलाव जरूर हुआ है पर अभी भी उन्हें कमतर आँका जाता है। लेकिन अगर इन्हें भी सही समय पर सही दिशा और साथ मिले तो वे भी समाज की मुख्यधारा में अपना योगदान दे सकते हैं। विशेष विद्यालय और उड़ान डे केयर सेंटर के जरिये हम यही प्रयास कर रहे हैं।

# 'काकोरी ट्रेन एक्शन' महोत्सव समापन समारोह हिन्दी भवन में आयोजित

## स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारियों की शहादत को हमें सदैव याद रखना चाहिए : संजीव शर्मा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शासनादेश के अनुसार जनपद गाजियाबाद में जिला प्रशासन द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन महोत्सव समापन समारोह हिन्दी भवन में आयोजित किया गया। इस दौरान एलईडी के माध्यम से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथि संजीव शर्मा सदर विधायक, मयंक गोयल महानगर अध्यक्ष भाजपा, स्थानीय सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.सन्तोष कुमार उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी प्रज्ञा श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक प्रदीप कुमार पाण्डेय, ललित जायसवाल चीफ वार्डन सिविल डिफेंस सहित अन्य गणमान्य द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया।

जिलास्तरीय अधिकारियों द्वारा अतिथियों को पौधा एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत व सम्मानित किया गया। आयना डांस एकेडमी द्वारा सरस्वती वन्दना कर कार्यक्रम शुरू किया गया। तदोपरांत सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन पर आधारित नाट्य प्रस्तुत किया गया।

बालिका विद्यालय की छात्राओं द्वारा नये भारत का चेहरा गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। आयना डांस एकेडमी द्वारा वंदे मातरम गीत पर सुन्दर नृत्य प्रस्तुत कर लिया। कलाकारों द्वारा दी गयी प्रस्तुतियों ने उपस्थित गणमान्यों का मन मोह, जिससे हिन्दी भवन तालियां से गूंज उठा।

संजीव शर्मा सदर विधायक ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश को आजादी दिलाने वाले स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारियों की शहादत को हमें सदैव याद रखना चाहिए और उनके



आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। मयंक गोयल ने कहा कि देश को अंग्रेजों की गुलामी से बचाने के लिए लाखों की संख्या में क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की कुर्बानी दी है, जिससे हम आज आजादी की हवा में सांस ले रहे हैं। हमें देश के प्रति सच्ची निष्ठा रखते हुए अपने दायित्वों को पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा एवं ईमानदारी से निभाना चाहिए।

कार्यक्रम में अंत में छात्राओं द्वारा अतिथियों, अधिकारियों, एनडीआरएफ, सीआईएसएफ, एनसीसी, पीएसी, पुलिस के जवानों सहित अन्य गणमान्यों को राखी बांधी गयी। कार्यक्रम का संचालन डीडीओ प्रज्ञा श्रीवास्तव व मंच संचालन डॉ.पूनम शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने पर सभी अधिकारियों एवं सहयोगकर्ताओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## कूड़ा लदे डंफरों को डबारसी व अन्य गांवों से ले जाने के विरोध में सपा कार्यकर्ताओं ने दिया डीएम को ज्ञापन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम की ओर से गांव डबारसी, नाहल, आकलपुर, समयपुर, नूरपुर, चित्तोडा, निडोरी, निगरवटी व मसोता के निजी एवं सकरे रास्ते से गंदे कूडे से भरे डंफरों को लाने लेजाने से गांववासियों को हो रही परेशानी को लेकर सपा कार्यकताओं ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। बाद में डीएम को एक ज्ञापन दिया। पूर्व विधायक असलम चौधरी ने डंफरों की आवाजाही रोकने के लिए गुरुवार को धरना दिया था।

सपा जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन ने कहा कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा डबारसी आदि गांवों में कूडे से भरे डम्परों को गांव के आबादी वाले रास्तों से ले जाया जा रहा है। जबकि रास्ते पहले से ही खराब और दयनीय स्थिति में हैं। गांव के लोग, किसान, मजदूर व स्कूल जाने वाले बच्चों को दुर्घटना व अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डंफर इतनी तादाद में आते हैं कि गांव वासियों व स्कूल जाने वाले बच्चों को गाडी से या पैदल चलना दूभर हो गया है। उन्होंने कहा कि यदि कोई विरोध करता है तो उनके खिलाफ एफआईआर करा दी जाती है। प्रशासन का अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है। गांव के निवासी पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं। रास्ते खराब होने के कारण कूड़ा रास्ते में गिरता जाता है तथा सारे रास्ते पर बदबू रहती है। डम्परों को ले जाने के लिये वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की जाये। यदि समय रहते गाजियाबाद नगर निगम के इन डम्फरों को निजी एवं आबादी वाले रास्ते से होकर गुजरने से न रोका गया तो कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है।

## 10 अगस्त को होगा 'आजादी के दीवाने चौथा संस्करण' कार्यक्रम का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वसुधैव कुटुंबकम कल्याण समिति के तत्वावधान में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 'आजादी के दीवाने चौथा संस्करण' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

यह आयोजन 10 अगस्त 2025 (रविवार), सायं 5:30 बजे से गाजियाबाद स्थित गोल्डन व्यू रिसॉर्ट, राजनगर एक्सटेंशन में सम्पन्न होगा। यह कार्यक्रम भारत के वीर स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित है और इसका उद्देश्य देश की सुरक्षा एजेंसियों के शौर्य, पराक्रम और बलिदान को जनमानस तक पहुँचाना है, इस वर्ष का विशेष आकर्षण राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दे रहे युवा प्रतिभाओं का सम्मान समारोह रहेगा। यह जानकारी एक वार्ता के दौरान कार्यक्रम के आयोजक एवं युवा कवि मधुकर त्यागी ने दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैप्टन यशिका हटवाल त्यागी भारतीय सेना की वीर अधिकारी एवं ऑपरेशन विजय (कारगिल) की नारी शक्ति रहेंगे। विशेष सान्निध्य संतोष कुमार आनंद - हिंदी सिनेमा के कालजयी गीतकार, दो बार फिल्मफेयर पुरस्कार से सम्मानित।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अतुल गर्ग - सांसद, नरेंद्र कश्यप राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार; संजीव शर्मा विधायक, गाजियाबाद शहर; अजीत पाल त्यागी विधायक, मुरादनगर, मयंक गोयल महानगर अध्यक्ष, भाजपा रहेंगे। कार्यक्रम की सम्पूर्ण तैयारी समिति के संगठन - मधुकर टैगोर, पं.उमाशंकर शर्मा, मनीषी एवं नरोत्तम सोलंकी गुर्जर, संजय गीतकार, कल्याण देव शास्त्री, नेपोलियन भिक्षु - द्वारा पूर्ण कर ली गई है।

## अपनी और दूसरों की जान खतरे में डालते हुए युवक ने किया बाइक पर स्टंट, पुलिस जुटी जांच में

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मोदीनगर क्षेत्र में बाइक पर स्टंट करते हुए अपनी और दूसरों की जान खतरे में डालने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में युवक तेज रफ्तार बाइक की सीट पर खड़े होकर बिना हाथ पकड़े बाइक चला रहा है, जबकि पीछे एक दूसरा युवक बैठा हुआ है।

इस वीडियो को किसी तीसरे व्यक्ति ने शूट किया है। बाइक पर खड़े होकर स्टंट कर रहा युवक वीडियो में साफ दिख रहा है कि न तो बाइक चालक ने हेलमेट पहना है और न ही किसी तरह के सुरक्षा उपकरण का इस्तेमाल किया गया है।

स्टंट के दौरान उसने न सिर्फ अपनी जान को खतरे में डाला, बल्कि सड़क पर अन्य लोगों की सुरक्षा को भी जोखिम में डाल दिया। जानकारी के मुताबिक यह वीडियो मोदीनगर रोड का बताया जा रहा है। वीडियो में बाइक काफी दूर तक निकल जाती है और युवक दोनों हाथ हवा में उठाए खड़ा रहता है।







**क्यों कहा कहने वाले ने कि** उन्होंने ऐसी बात कह दी, जिसको सुनकर हो गये हम कायल? भर गये हमारे वो जख्म जिनकी वजह से हम हुए थे घायल? उन्होंने कहा मैंने उनका नमक ना पहले खाया था, ना अब खाया है, ना आगे कभी खाउंगा? बस इससे ज्यादा मैं तुमको अब कुछ और कहना नहीं चाहूंगा? सुनने वाले ने कहा बस यही शब्द सुनकर मिल गई हमको राहत? अब पहले से भी ज्यादा बढ़ गई है हमारे उनके प्रति चाहत?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार वाले कमिश्नर त्यागी जी को भी नहीं होगा शायद इस बात का एहसास? कि जिनको उन्होंने अपनी टीम में उपाध्यक्ष बनाया है, वो ही हो जायेंगे नाराज? पता चला है इन दो चेहरों की थी महामंत्री बनने की चाहत? अरमान पूरे नहीं हुए, तब से नहीं मिल रही है इनको राहत? सुना है इन्होंने पद मिलने के बाद कर लिया है खुद को पार्टी के कार्यक्रमों से दूर? ऐसा हो ही जाता है जब चाहत पूरी नहीं होती है हुजूर?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** इन्दिराजी वाले मंडल पर भारी रहने वाले त्यागी जी के अंदर कूट-कूट कर भरे हैं पार्टी के लिए जज्बात? वो कर रहे थे मंडल की बैठक में तिरंगा यात्रा की बात? उन्होंने जब पूछा मिस्टर शर्मा से सवाल? शर्मा जी बोले मेरा है हर प्वाईंट पर आतिशबाजी करने का ख्याल? पता चला है आतिशबाजी वाली बात मैडम कमिश्नर को नहीं हुई बर्दाश्त? उन्होंने तुरंत कर दिया इस प्रपोजल से इंकार? ये सुनकर शर्मा जी चले गये मीटिंग से बाहर?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** कुछ इस वाली मीटिंग में हो रहा था पूर्व वाले मित्तल जी के भी साथ? वो बार-बार रख रहे थे अपनी बात? उनकी इस बात को मैडम कर रही थीं लगातार इग्नोर? मीटिंग में सुनाई दे रहा था अनदेखी का शोर? मित्तल जी को अपनी अनदेखी नहीं हुई बर्दाश्त? वो जानबूझ कर फोन पर हैलो-हैलो करके बाहर चले गये? जब सुनी नहीं जा रही थी उनकी बात?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम बैठे थे पार्षदों के बीच? उनका दर्द बातों के माध्यम से आया हमारे नजदीक? वो कह रहे थे कि टैक्स के खिलाफ आवाज उठाने की वजह से चल गया है हमारे विकास वाले कार्यों पर सोटा? हमें दिया ही नहीं जा रहा है तब से पार्षद निधि वाला कोटा? कहने वाले ने कहा हालात हमारे ऐसे हो गये हैं जैसे खाली कर दिया गया हो हमारी उम्मीदों का लोटा?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** दिल पर कुछ ज्यादा ही ले ली लेने वाले ने अधिकारी के कहने पर महिला मित्र वाली बात? वो इस बात पर होकर दिखा रहे थे नाराज? कहने वाले ने कहा कि मजाक की बातों पर ज्यादा नहीं देते हैं जोर? हल्की-फुल्की बातों को कर देना चाहिए इग्नोर?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें राजधानी से एक बात पता चली है कन्फर्म? एक सीट पर वैश्य चेहरे का लड़ना तय हो गया है? लेने वाले इस बात को सीरियस लें? क्योंकि हमारी बात में है दम? हमें और भी मिली है यहां पर जानकारी? वैश्य चेहरे के चुनाव लड़ने की घोषणा तीनों विधानसभाओं में किसी भी सीट पर हो सकती है जारी? इसलिए करने वाले करते रहें अपने हिसाब से तैयारी? फिर बाद में नहीं होगा ऐसा होने पर उनका दिल भारी?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं बैठा था एक व्यापारी के पास? ये व्यापारी पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल की तारीफें कर रहे थे बेहिसाब? कह रहे थे हमारी दुकान पर जबरदस्ती मारा था एक सरकारी टीम ने छापा? उनकी उम्मीदों में नजर आ रहा था हमको लिफाफा? हमने इस समस्या से निपटने के लिए मिला दिया अग्रवाल जी को फोन? मौके पर आई टीम दहल गई उनकी सुनकर गुस्से वाली टोन? उनका जज्बा हमें लगा बहुत ही जोरदार? सच बतायें वो दिन है और आज का दिन? आज तक उस टीम ने नहीं दिये हमें कभी भी आकर अपने दीदार?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक पूर्व पार्षद हो गये थे साहब के शब्दों को सुनकर नाराज? ये बात वो ही है जिसकी ऊपर वाले प्रश्न में रखी गई है बात? इन पार्षद ने कहा अगर होती मेरे पास मौजूदा जिम्मेदारी? तब साहब को मेरा गुस्सा पड़ जाता भारी? उनके शब्द चला रहे थे मेरे दिल पर आरी? मगर क्या करें मौसम ही ऐसा चल रहा है कि खामोशी के रथ पर मुझे करनी पड़ रही है सवारी?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें अच्छी लगती है पूर्व विधायक चौधरी साहब की अदा? वो जिसको साथ रखना होता है, साथ रखते हैं और दूर रख देते हैं उन चेहरों को जिनको रखना होता है जुदा? हमने इस बात का लिया है उनके होर्डिंग्स से ज्ञान? हमने देखा उन्होंने बड़ी राजनीति के चेहरों को जहां स्थान दिया है? वहीं स्थानीयों में शामिल किया है भगवा कमांडर का नाम? इतना ही नहीं उन्होंने मौजूदा सांसद और विधायकों को भी कर दिया है अपने होर्डिंग से दूर? जनरली साहब का फोटो बड़ा लगाकर दिया है संदेश? हम पहले जैसे ही हैं आपके जाने के बाद भी नहीं बदले हैं हुजूर?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।